वर्ष 24, अंक 255, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 25 मार्च 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# सीएम रेखा गुप्ता ने खोला पिटारा

## 10वीं के छात्रों को लैपटॉप! 9वीं की छात्राओं को मुफ्त साइकिल





- साल में दो मुफ्त LPG सिलेंडर
- दिल्ली में बनेंगे डॉग शेल्टर
- गिग वर्कर्स के लिए भी बड़ा ऐलान
- महिलाओं और ट्रांसजेंडर को मिलेंगे ई-ऑटो परमिट
- दिल्ली में खोले जाएंगे महिला हाट
- नमो भारत कॉरिडोर के लिए बड़ा ऐलान

**नई दिल्ली**

**बजट** पेश करने से पहले सीएम ने कहा कि यह बजट ह्यविकसित दिल्लीह्ल के संकल्प को गति देने वाला है, दिल्ली के सर्वांगीण विकास, जनभागीदारी और सशक्त समाज के निर्माण की दिशा में एक ठोस कदम है.

मुख्यमंत्री ने इसे ह्यहरित बजटह्ल करार दिया और कहा कि शहर इस समय बदलाव के दौर से गुजर रहा है. उन्होंने कहा कि ह्यह्यट्रिपल इंजनह्लह्ल सरकार के साथ राष्ट्रीय राजधानी तेजी से प्रगति कर रही है. गुप्ता ने साथ ही कहा कि मुफ्त सुविधाओं की संस्कृति से वृद्धि दर प्रभावित हुई और 2018 से 2020 के बीच राजस्व में गिरावट देखी गई. बजट में 74,000 करोड़ रुपये कर राजस्व का अनुमान लगाया गया है. बिजली विभाग के लिए 3,942 करोड़ रुपये का प्रावधान

गुप्ता ने कहा कि दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय देश में तीसरे स्थान पर है. बजट में बुनियादी ढांचा क्षेत्र के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को 5,921 करोड़ रुपये जबकि शहरी विकास एवं आश्रय परियोजनाओं के लिए 7,887 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं. उन्होंने कहा, ह्य हमारा लक्ष्य सुरक्षित सड़कें, जलवायु गलियारे और बेहतर संपर्क व्यवस्था सुनिश्चित करना है.

बिजली विभाग के लिए 3,942 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है. साथ ही, ह्यओवरहेडह्ल बिजली तारों को हटाने के लिए अलग से 200 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं. मुख्यमंत्री ने यमुना पार क्षेत्र के विकास के लिए 300 करोड़ रुपये, जबकि दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड के लिए 787 करोड़ रुपये देने की घोषणा की. शहर में धूल-मुक्त सड़कों के विकास के लिए 1,352 करोड़ रुपये रखे गए हैं जिसके तहत 750 किलोमीटर सड़कों की ह्यएंड-टू-एंड रिकार्पेटिंगह्ल (एक छोर से दूसरे छोर तक पूरी सतह को उखाड़कर या उसके ऊपर डामर की एक नई एवं मजबूत परत बिछाना) की जाएगी।

## कांग्रेस का रेखा गुप्ता सरकार पर निशाना, आर्थिक सर्वेक्षण को बताया पुराने आंकड़ों का नया खेल

**दिल्ली** के आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 को लेकर सियासत गरमा गई है. दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सरकार की आर्थिक नीतियों, परिवहन, जल संकट और स्वास्थ्य सेवाओं पर तीखा हमला बोलते हुए राजधानी की स्थिति को चिंताजनक बताया है.

देवेंद्र यादव ने आरोप लगाया कि सरकार ने पिछले वर्ष 2024-25 का आर्थिक सर्वेक्षण पेश नहीं किया, जिससे पारदर्शिता पर सवाल खड़े होते हैं. उन्होंने कहा कि इस वर्ष का सर्वेक्षण भी अधूरा नजर आता है और कई महत्वपूर्ण आंकड़े गायब हैं. उनका दावा है कि पुराने आंकड़ों को मामूली बदलाव के साथ दोबारा पेश किया गया है.

'शिक्षा क्षेत्र में ठहराव, नए स्कूलों की कमी'

शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए यादव ने कहा कि पिछले एक साल में 75 स्कूलों का नाम बदलकर सीएम श्री स्कूल कर दिया गया, लेकिन एक भी नया स्कूल नहीं खोला गया. इससे साफ है कि शिक्षा के विस्तार की बजाय केवल नामकरण पर जोर दिया जा रहा है.

'घटती जीडीपी और कमजोर होती अर्थव्यवस्था'

उन्होंने बताया कि दिल्ली की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 2023-24 में 9.63 प्रतिशत से गिरकर 2024-25 में 6.23 प्रतिशत रह गई है. यह गिरावट राजधानी की आर्थिक रफ्तार धीमी होने का संकेत है. उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय विकास दर कहीं अधिक मजबूत थी.

'बढ़ता घाटा और कर्ज, बजट प्रबंधन पर सवाल'

बजट प्रबंधन को लेकर भी सरकार को घेरते हुए उन्होंने कहा कि 2025-26 के बजट में भारी पूंजीगत और कुल घाटा दिखाया गया है. इसे पूरा करने के लिए सरकार को बड़े पैमाने पर कर्ज लेना पड़ रहा है. फरवरी 2026 तक योजनाओं के लिए आवंटित बजट का करीब 43 प्रतिशत खर्च नहीं हो पाया, जो कार्यान्वयन में कमी को दशार्ता है।

# RCB ने तोड़ा राजस्थान रॉयल्स का रिकॉर्ड, IPL की सबसे महंगी टीम बनी



**राजस्थान**

**राजस्थान** रॉयल्स के बाद फ्ळइ को भी नया मालिक मिल गया है. आदित्य बिरला ग्रुप के नेतृत्व वाले संघ ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू टीम को 1.78 बिलियन अमेरिकी डॉलर की रकम देकर खरीदा है. आदित्य बिरला ग्रुप, टाइम्स ऑफ इंडिया ग्रुप, बोल्ट वेंचर्स और ब्लैकस्टोन इन्वेस्टमेंट कंपनी ने मिलकर आरसीबी फ्रेंचाइजी को 16,000 करोड़ रुपये से ज्यादा रकम में खरीदा है. उन्होंने यूनाइटेड स्पीरिट्स लिमिटेड से बेंगलुरू टीम की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीद ली है.

आदित्य बिरला ग्रुप के डायरेक्टर, आर्यमान विक्रम बिरला फ्ळइ फ्रेंचाइजी के चेयरमैन होंगे, जबकि टाइम्स ऑफ इंडिया ग्रुप के सत्यन गजवानी टीम के वाइस चेयरमैन होंगे.

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू आईपीएल की गत चैंपियन है।

# अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच ट्रंप- पीएम मोदी की पहली बातचीत

## स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को खोलने पर हुई चर्चा



**अमेरिका**

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फोन पर मिडिल ईस्ट जंग को लेकर बात की. दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया. 28 फरवरी को जंग के शुरू होने के बाद से दोनों नेताओं के बीच पहली बार बात हुई है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति का फोन आया था और दोनों नेताओं ने मीडिल ईस्ट की स्थिति पर चर्चा की.

पीएम मोदी ने कहा, 'भारत तनाव कम करने और जल्द से जल्द शांति बहाल करने का समर्थन करता है. स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का खुला, सुरक्षित रहना पूरी दुनिया के लिए जरूरी है. हमने शांति और स्थिरता के प्रयासों के संबंध में संपर्क में रहने पर सहमति जताई.'

स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर दोनों नेताओं में हुई बात

अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने कहा, 'राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की. उन्होंने मिडिल ईस्ट की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की, जिसमें स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को खुला रखने के महत्व पर जोर दिया गया. इससे पहले ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा था कि उन्होंने ईरान को फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को फिर से खोलने के लिए दी गई समयसीमा बढ़ा दी है. उन्होंने ये भी कहा कि ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर संभावित हमले को पांच दिन के लिए टाल दिया गया है।

## 85 लाख की लूट के मामले में था वांटेड

# मुठभेड़ में कुख्यात लुटेरा कालिया गिरफ्तार



**नई दिल्ली**

**दिल्ली** में पुलिस और बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ में एक कुख्यात लुटेरे को गिरफ्तार कर लिया गया. इस दौरान बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी. जिसमें एक गोली इंस्पेक्टर की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी. हालांकि पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए आरोपी को घायल कर पकड़ लिया.

पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी की पहचान अजय उर्फ कालिया निवासी गौतमपुरी, उस्मानपुर, दिल्ली के रूप में हुई है. वह शास्त्री पार्क इलाके में हुई करीब 85 लाख रुपये की लूट के मामले में वांटेड था.

दिल्ली पुलिस को मिली खुफिया जानकारी

दिल्ली पुलिस को 23 मार्च की रात करीब 10 बजे गुप्त सूचना मिली थी कि अजय उर्फ कालिया आधी रात के आसपास एमजी रोड स्थित रोज गार्डन सर्विस रोड पर अपने साथियों से मिलने आएगा और किसी बड़ी वारदात को अंजाम दे सकता है. सूचना मिलते ही सेंट्रल जिले की स्पेशल स्टाफ टीम ने इलाके में जाल बिछा दिया. करीब 12:22 बजे रात एक व्यक्ति ग्रे रंग की स्कूटी से राजघाट की ओर से आता दिखाई दिया.

पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन वह भागने की कोशिश करने लगा. इसी दौरान एक कार से रास्ता रोक दिया गया तो आरोपी ने घबराकर स्कूटी गिरा दी और पिस्टल निकालकर पुलिस पर लगातार चार गोलियां चला दीं.

दिल्ली पुलिस द्वारा फायरिंग के दौरान एक गोली इंस्पेक्टर रोहित कुमार की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी. इसके बाद पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लग गई।

## लोकसभा में खड़े होकर इस सांसद ने किया ऐलान

**नई दिल्ली**

युद्ध की मार झेल रहे ईरान के लिए कश्मीर की वादियों से लगातार दूसरे दिन मदद के वास्ते हाथ बढ़े, तथा लोगों ने नकद राशि, सोना-चांदी, एवं अन्य कीमती सामान दान में देकर एकजुटता और मानवीय संवेदना का संदेश दिया। वहीं अब ईरान को मदद की गूंज लोकसभा में भी सुनाई पड़ी है। बारामूला के निर्दलीय सांसद इंजीनियर रशीद ने लोकसभा में ईरान के उस स्कूल की मदद के लिए अपनी एक महीने की सैलरी दान देने का ऐलान किया।

# 'बिना लाइसेंस बिहार में नहीं चलेगा एक भी मीट शॉप'

## डिप्टी सीएम विजय सिन्हा का ऐलान



**बिहार**

**बिहार** के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने मंगलवार (24 मार्च) को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर नगर विकास एवं आवास विभाग के 100 दिन के काम का लेखा जोखा पेश किया. उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार लगातार विकास का काम कर रही है. सशक्त स्थाई समिति का पहले चयन किया जाता था, अब सभी पार्षदों के वोट से सशक्त स्थाई समिति के सदस्य चुने जाएंगे. अतिक्रमण मुक्त करने के लिए लगातार कार्रवाई जारी है. जिसका रजिस्ट्रेशन होगा वही होर्डिंग लगा सकता है, बाकी सभी अवैध माने जाएंगे.

बिना लाइसेंस बिहार में मीट की दुकानों पर बैन- विजय सिन्हा

उन्होंने कहा, "डस्टबिन के मामले में अनियमितता की जांच की जा रही है. अवैध मांस की बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध लगेगा. बिना लाइसेंस बिहार में एक भी मीट शॉप नहीं चलेगा. बिल्डिंग बायलॉज संशोधन का प्रयास किया जा रहा है. बिहार के भौगोलिक वातावरण के अनुसार बायलॉज तैयार किया जाएगा. राजस्व बढ़ाने के लिए नई प्रणाली विकसित की जा रही है. डिजिटल तरीके से सभी कार्य किए जाएंगे. सभी नक्शा डिजिटल रूप से पास कराया जाएगा."

'कोई भी नाला जाम या अतिक्रमण की जानकारी दे सकता'

डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने आगे बताया कि मानसून पूर्व तैयारी के लिए नगर विकास विभाग की ओर से व्हाट्सएप नंबर जारी किया जा रहा है. कोई भी व्यक्ति नाले जाम या अतिक्रमण की जानकारी दे सकता है. सभी कार्यपालक पदाधिकारी को स्थाई मोबाइल नंबर दिया गया है. अधिकारी बदलने के बाद नंबर नहीं बदलेगा. स्वच्छता के नाम पर अब सिर्फ खाना पूर्ति नहीं चलेगा. प्रधान सचिव के नेतृत्व में एक कमेटी बनाई जा रही है. पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली बंद किया जाएगा. सभी पार्किंग स्थलों पर एक रेट चार्ट होगा.

पटना मेट्रो रेल का काम प्रगति पर- विजय सिन्हा

उन्होंने जानकारी देते हुए ये भी बताया कि पटना मेट्रो रेल का काम प्रगति पर है. मलाही पकड़ी वाले इलाके का काम लगभग पूरा कर लिया गया है. मंत्री ने कहा, "बिहार म्यूजियम से पटना म्यूजियम के बीच सबवे का काम शुरू कर दिया गया है. बिहार में 11 नए टाउनशिप बनाने का फैसला लिया गया है. सभी टाउनशिप को प्लांड सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा."

ग्रीन सिटी को लेकर सरकार लगातार काम कर रही- विजय सिन्हा

विजय सिन्हा ने दावा करते हुए कहा कि किसी भी नए शहर के विकास को सभी सुविधाओं के साथ विकसित करेंगे. ग्रीन सिटी

# अविमुक्तेश्वरानंद उतारेंगे चतुरंगिणी सेना

## गो रक्षा का करेंगे कार्य, 2.18 लाख भर्ती का लक्ष्य



**प्रयागराज**

**प्रयागराज** माघ मेला विवाद से सुर्खियों में आए ज्योतिर्मठ पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने एक और बड़ा ऐलान किया है. प्रयागराज माघ मेला और उत्तर प्रदेश सरकार को सीधी चुनौती देने के बाद अब शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने काशी से चतुरंगिणी सेना के गठन का ऐलान कर दिया है.

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती द्वारा गठित यह चतुरंगिणी सेना गौ रक्षा के लिए कार्य करेगी, जिसमें 2.18 लाख सैनिकों की भर्ती का लक्ष्य रखा गया है. जानकारी के मुताबिक, इस सेना की चार यूनिट होगी जो धन बल, जन बल, मन बल और तन बल पर आधारित होंगी.

सदस्यों के हाथ में दिखा परशु नामक अस्त्र

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने काशी में गौ रक्षा के लिए चतुरंगिणी सेना के गठन का ऐलान कर दिया. इस दौरान उनके साथ प्रथम 27 सदस्य भी मौजूद थे जिनके हाथ में परशु नामक शास्त्र और पीला रंग का वस्त्र पहने हुए नजर आए. इस दौरान वहां मौजूद सदस्यों के द्वारा शंखनाद भी किया गया.

सेना में 2.18 लाख सैनिकों के भर्ती का लक्ष्य

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद का कहना है कि, गौ रक्षा के लिए सबसे पहले गौ हत्यारे को रोका जाएगा, उन्हें टोका जाएगा और उसके बाद उन्हें समझाया जाएगा. इस दौरान इस सेना में 2.18 लाख सैनिकों के भर्ती का लक्ष्य रखा गया है, इस सेना के प्रमुख यानी सेनापति शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ही होंगे. शंकराचार्य का कहना है कि इसमें सिर्फ एक जाति के नही बल्कि सभी वर्ग के लोग शामिल हो सकते हैं .

'सनातन धर्म के हिंदुओं को डरा दिया गया है'

शंकराचार्य का कहना है कि हमारे सनातन धर्म के हिंदुओं को डरा दिया गया है, वह अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाना चाहते हैं लेकिन उठा नहीं पाते हैं , सच बोलने को लेकर उनके ऊपर आक्रमण हो रहा है उनमें भय व्याप्त है. सनातनियों के हृदय में जो भय व्याप्त है उसको समाप्त करना, सनातन धर्म के प्रतीकों की रक्षा करना और गौ माता की रक्षा के उद्देश्य से चतुरंगिणी सेना का गठन किया गया है. सबसे प्रमुख बात की इसमें महिलाएं भी शामिल होती नजर आ रही हैं।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक सम्पन्न, नई कार्य योजना प्रस्तावित

### विधायक और प्रमुख ने अवशेष विकास कार्यों को पूर्ण कराने का दिया भरोसा





**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव।** क्षेत्र पंचायत कोरांव की खुली बैठक भागीरथी गेस्ट हाउस कोरांव में ब्लॉक प्रमुख मुकेश कोल की सदारत में मंगलवार 24 मार्च को आहुत हुई,मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राजमणि कोल ने सदन में सरकार की उपलब्धियां गिनाई। और क्षेत्र के विकास के अवशेष कार्यों को पूर्ण कराने का दिया आश्वाशन।

बैठक में बीडीओ मनोज कुमार सिंह ने विधायक और प्रमुख का माल्यार्पण कर स्वागत किया। और कार्य योजनाओं को प्रधानों बीडीसी सदस्यों से प्राप्त कर कार्यवाही में शामिल करने का आश्वासन दिया।

बैठक में बिजली, पशुपालन विभाग, विकास, पंचायती राज विभाग, बाल विकास परियोजना, स्वास्थ्य, स्वयं सहायता समूह, विकास विभाग, आदि बिंदुओं पर संबंधित अधिकारियों ने चर्चा कर जानकारियां दी। सदस्यों को जानकारी दे कर सहयोग की अपील किया। विधायक राजमणि कोल ने भाजपा सरकार के कार्यकाल की भूरी भूरी प्रशंसा की और सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के तर्ज पर हो रहे देश प्रदेश के कार्यों की सराहना कर उपलब्धियां गिनाई। और क्षेत्र के विकास की जानकारी दी। बचे कार्यों के शीघ्र सरकार से मदद ले कर कार्य कराए जाने का सदन को भरोसा दिया। विधायक ने कहा मेरी सरकार पिछली सरकारों के मुकाबले बेहतर कार्य कर रही है। भ्रष्ट्राचार पर रोक लगी है। उन्होंने सभी की हौंसला अफजाई किया। पिंटू चौबे, राजेश सिंह, यादवेंद्र एडवोकेट, राजेश सिंह, बबूआन द्वेदी, एडीओ पंचायत विवेक मिश्रा, एडीओ एस के आरिफ खान, डॉ केबी सिंह कुशवाहा रामानुज यादव, दिलीप सोनी, उमाशंकर सिंह पटेल आदि निर्विचार व्यक्त किए। संचालन एडीओ आई एस बी रामेश्वर सिंह ने किया। ब्लॉक प्रमुख मुकेश कुमार कोल ने सभी का आभार जताते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

# मांडा में गैस संकट : एजेंसी पर भेदभाव और मनमानी के आरोप, उपभोक्ताओं में आक्रोश




**मांडा।** क्षेत्र के मांडा खास स्थित कामाख्या इंडियन गैस एजेंसी इन दिनों भारी अव्यवस्था और उपभोक्ता आक्रोश का केंद्र बनी हुई है। गैस सिलेंडर की लगातार कमी और वितरण में कथित भेदभाव को लेकर उपभोक्ताओं की भीड़ एजेंसी पर बढ़ती जा रही है।

बताया जा रहा है कि कई उपभोक्ताओं ने एक सप्ताह पहले ही गैस बुकिंग कराई थी, लेकिन इसके बावजूद उन्हें अब तक सिलेंडर नहीं मिल पाया है। मजबूर होकर लोग रोजाना एजेंसी के चक्कर काट रहे हैं, जिससे उनमें नाराजगी बढ़ती जा रही है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि एजेंसी के कर्मचारी गैस वितरण में पारदर्शिता नहीं बरत रहे हैं। उनका कहना है कि कुछ चुनिंदा लोगों को प्राथमिकता देकर सिलेंडर दिए जा रहे हैं, जबकि सामान्य उपभोक्ताओं को इंतजार करना पड़ रहा है।

क्षेत्र के बखार समेत दर्जनों गांवों से आए लोगों ने आरोप लगाया कि बुकिंग के बाद भी उन्हें गैस नहीं मिल रही, जबकि एजेंसी से जुड़े कुछ लोग कथित रूप से पैसे लेकर अपने परिचितों को सिलेंडर उपलब्ध करा रहे हैं। इस मामले में गैस एजेन्सी पर कार्यरत मांडा खास के एक व्यक्ति का नाम भी सामने आ रहा है, जिन पर उपभोक्ताओं ने मनमानी करने का आरोप लगाया है। दूर-दराज से आए उपभोक्ताओं का कहना है कि घंटों इंतजार के बाद भी उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। इससे लोगों में गहरा आक्रोश है और वे प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## न्यूज झरोखा

### शहीद दिवस पर भारद्वाज गुरुकुलम में अमर बलिदानियों को किया गया नमन



**सहसों।** भारद्वाज गुरुकुलम संस्थान, रुदापुर में शहीद दिवस के अवसर पर देश के वीर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु एक भावपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने राष्ट्र के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों को नमन करते हुए उनके बलिदान को याद किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंधक अधिवक्ता देवराज उपाध्याय ने शहीदों के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए और उनके अदम्य साहस एवं त्याग को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि शहीदों का बलिदान देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे देश के अमर शहीदों के बलिदान को कभी नहीं भूलेंगे और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने में अपना पूर्ण योगदान देंगे। इस मौके पर विनय उपाध्याय, शिवम, कृष्णानंद, राजपति एवं वीरेंद्र तिवारी सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे और सभी ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### सहसों ब्लॉक के लेखाकार अरुण कुमार त्रिपाठी का आकस्मिक निधन, व्यक्त की गई शोक



**सहसों।** विकासखंड सहसों में लेखाकार के पद पर कार्यरत अरुण कुमार त्रिपाठी (54) का सोमवार को हृदय गति रुक जाने से असामयिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे ब्लॉक परिसर में शोक की लहर दौड़ गई। मूल रूप से थाना नवाबगंज क्षेत्र के पयासीपुर गांव निवासी अरुण कुमार त्रिपाठी पिछले लगभग चार वर्षों से सहसों ब्लॉक में लेखाकार के पद पर कार्यरत थे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ दायित्वों का निर्वहन किया। उनकी साफ-सुथरी छवि, सरल और सहज स्वभाव के कारण वे अधिकारियों, कर्मचारियों तथा जनप्रतिनिधियों के बीच बेहद लोकप्रिय थे। उनके आकस्मिक निधन पर ब्लॉक प्रमुख गीता सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख राकेश बहादुर सिंह, खंड विकास अधिकारी रामवीर सिंह पाल, एडीओ पंचायत संतोष सिंह, शिवनारायण सिंह ह्यगप्पूह्न, बड़े बाबू विजय बहादुर, कामरान सहित समस्त कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने गहरा शोक व्यक्त करते भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर सभी ने आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त किया।

### नैनी पुलिस ने स्मैक व तमंचे के साथ युवक को किया गिरफ्तार




**नैनी।** नैनी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध स्मैक और तमंचे के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर नए यमुना पुल के नीचे अंडरपास के पास छापेमारी कर आरोपी को पकड़ा गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान भोला भारतीया (19) पुत्र जीतलाल भारतीया, निवासी मऊहारी, थाना औद्योगिक क्षेत्र, प्रयागराज के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 33.66 ग्राम स्मैक (171 पुड़िया), एक अवैध देशी तमंचा .315 बोर, एक जिंदा कारतूस, एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन और 2650 रुपये नकद बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह स्मैक को छोटे-छोटे पुड़ियों में बांटकर राहगीरों और जान-पहचान वालों को बेचता था। इसके जरिए वह अपनी जरूरतें और शौक पूरे करता था। उसने यह भी स्वीकार किया कि बरामद तमंचा लोगों को डराने-धमकाने के लिए रखता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना नैनी में मु0अ0सं0 147/2026 के तहत धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट एवं 3/25 आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक बृजकिशोर गौतम सहित पुलिस टीम के अन्य अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे।

### औद्योगिक क्षेत्र में नाबालिग को भगाने के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार




**नैनी।** नैनी औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने अपहरण के मामले में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी को 23 मार्च 2026 को थाना क्षेत्र से ही पकड़ा गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अजय कुमार निषाद (20) पुत्र लाल बाबू निषाद निवासी ग्राम पनासा, थाना करछना, प्रयागराज के रूप में हुई है। उसके खिलाफ थाना औद्योगिक क्षेत्र में पहले से मुकदमा दर्ज था। पुलिस के मुताबिक 18 मार्च 2026 को वादी ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि आरोपी उसकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। इस संबंध में मु0अ0सं0 39/2026 धारा 137(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। बाद में पीड़िता के बयान के आधार पर मामले में धारा 87 बीएनएस की भी बढ़ोतरी की गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सचिन देव वर्मा और महिला उपनिरीक्षक कुसुमलता शामिल रहीं।

### स्कूल एवं आयुष्मानआरोग्य केंद्र हुई चोरी अज्ञात चोरो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमाम ।** ऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा जमखुरी में स्थित प्राथमिक विद्यालय में चोरों ने विद्यालय के चैनल गेट का ताला तोड कर दो अलमारी तथा बक्सा में रखे साउंड सिस्टम,एक महीने का राशान सामग्रियां आटा,चावल,दाल आदि के अलावा सिलेंडर,खेल के सामग्रियां, सरकारी अभिलेखों आदि की चोरी कर लिए ।इसी रात में चोरों ने बगल में स्थित आयुष्मान आरोग्य केन्द्र के दरवाजे का ताला तोड कर चोर ने हजारों का सामान चुरी कर ले गए। ग्राम प्रधान अफसरी बेगम ने मऊआइमा थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर चोरों का पता लगाने में जुटी हुई है।

# सरकार का विजन सुरक्षा , सुशासन और समृद्धि पर गोष्ठी आयोजित

**अखंड भारत संदेश**



**करछना।** सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर विकासखंड सभागार में आयोजित संवाद गोष्ठी में विकासखंड अंतर्गत सभागार में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के साथ साथ जनप्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया । कार्यक्रम का संचालन खंड विकास अधिकारी करछना अमित मिश्रा के देख रख में किया गया । बैठक की अध्यक्षता विधायक करछना पीयूष रंजन निषाद के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित निवर्तमान उपाध्यक्ष भाजपा त्रिवेणी प्रसाद पाण्डेय द्वारा किया गया तथा सरकार द्वारा 9 वर्ष के कार्यकाल में सामाजिक विकास तथा उन्नति पर चर्चा किए इस दौरान महिला शक्ति के समृद्धि से देश के विकास होने की बात कही । कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रधान संघ अध्यक्ष करछना दादू सिंह द्वारा सुरक्षा तथा सुशासन पर सरकार की उपलब्धियों को गिनाया । कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी अन्य सामाजिक कार्यकताओं ने भी हिस्सा लिया । इस दौरान विकासखंड के सभी विभागों के प्रभारियों द्वारा मुख्य योजनाओं के विषय में संक्षिप्त रूप से बताया गया । सर्वप्रथम ग्राम्य विकास विभाग के लाभार्थी परक योजनाओं के विषय में ब्लॉक मिशन प्रबंधक आदित्य तिवारी ने बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही ग्राम्य विकास की योजनाओं मनरेगा, आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय, बीसी सखी स्कीम, विद्युत सखी स्कीम , बैंकिंग सखी स्कीम आदि के विषय में विस्तार से बताया तथा ग्रामीण उद्यमिता से किस प्रकार से आय में वृद्धि की जा सकती है आदि के विषय में बताया। सहायक विकास अधिकारी ग्राम्य विभाग कस उदयभान ने अन्य जरूरी योजनाओं गौशाला ,बर्मी कंपोस्ट आदि के बारे में बताया ,कृषि विभाग से प्रमोद सिंह, सांख्यिकी विभाग से सहायक विकास अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह , सहकारिता विभाग अधिकारी विष्णु प्रभाकर , बृजेश द्विवेदी , मनीष शुक्ला , संजय चौधरी, धर्मेंद्र यादव , अक्षत सिंह , मनीष सिंह आदि कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# शंकरगढ़ में ग्राम प्रधानों व जनप्रतिनिधियों की संगोष्ठी संपन्न, शिक्षा योजनाओं पर हुआ मंथन

### ब्लॉक प्रमुख निर्मला देवी ने शिक्षा को जनआंदोलन बनाने पर दिया जोर

**अखंड भारत संदेश**



**शंकरगढ़।** विकास खंड शंकरगढ़ में ग्राम प्रधान, स्थानीय प्राधिकरण, जनप्रतिनिधियों एवं प्रधानाध्यापकों की एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला रामेश्वरम गेस्ट हाउस में संपन्न हुई। संगोष्ठी में शिक्षा विभाग की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने और जनजागरूकता बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख निर्मला देवी रहीं। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज के विकास की मजबूत नींव है और ग्राम प्रधानों व जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि सरकार की योजनाएं हर जरूरतमंद तक पहुंचे। उन्होंने डीबीटी, निपुण भारत मिशन और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को गांव-गांव तक पहुंचाने पर जोर दिया। नगर पंचायत अध्यक्ष पार्वती कोटार्य ने भी शिक्षा के क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी पर बल दिया।

संगोष्ठी में डीबीटी के तहत 1200 रुपये की धनराशि, कायाकल्प योजना के 19 पैरामीटर, विद्यालय प्रबंधन समितियों की भूमिका, लर्निंग आउटकम आधारित शिक्षण, स्मार्ट क्लास और डिजिटल शिक्षा सामग्री के उपयोग पर विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने शिक्षा को जनआंदोलन बनाने की अपील की। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश वर्मा,पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद प्रयागराज के जिलाध्यक्ष राजेश सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष बृजेश सिंह, विजय सिंह, नृपेंद्र सिंह सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, ग्राम प्रधान और प्रधानाध्यापक मौजूद रहे।

# महर्षि शांडिल्य पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न, बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने जीता दिल

**अखंड भारत संदेश**






**सहसों।** महर्षि शांडिल्य पब्लिक स्कूल, गुलालपुर का वार्षिक उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक शिव प्रकाश तिवारी एवं प्रधानाचार्य कृष्णा तिवारी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए गणेश वंदना, महिषासुर मर्दिनी तथा विभिन्न सांस्कृतिक गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। बच्चों की आकर्षक और जीवंत प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरे माहौल को उत्साह से भर दिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. सूर्यनारायण त्रिपाठी, वेदमणि त्रिपाठी एवं रामदत्त त्रिपाठी ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक द्वारा अतिथियों का मल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मूलचंद्र एवं प्रियंका साहू ने किया। इस मौके पर राजेश मिश्र, रमेश कुमार द्विवेदी, महारानीदीन मिश्र, अभिनव शुक्ल, दीपिका सिंह, ममता सिंह, प्रीति शुक्ला, वेदिका रूपाली, सौम्या, शिवानी, अंकित एवं सेजल सिंह सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक, कर्मचारी और अभिभावकगण उपस्थित रहे।

# महंत को दी गई श्रद्धांजलि, एवं साधु संतों में प्रसाद वितरण

**जंघई।** महंत रामशरण दास मौर्य पुत्र स्व. विजय लाल मौर्य के वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर साधु, संतों, असहाय एवं निराश्रितों के मध्य महाप्रसाद वितरण किया गया एवं श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। यह कार्यक्रम शीतला दशाश्वमेध घाट पर आयोजित किया गया। राम शरण दास मौर्य खजुरी, हुकुलगंज के निवासी थे उनके श्रद्धांजलि सभा और प्रसाद वितरण कार्यक्रम मे सैकड़ों लोग उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण किया और उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। उपस्थित लोगों ने कहा कि दीन दुखियों की सेवा करना पुण्य का काम है सभी को बढ़-चढ़कर ऐसे जनहित पुण्य के कार्य अवश्य करना चाहिए ताकि लोगों का मनोबल बढ़े और जनहित कार्यों से सीख लें और समाज हित में कार्य करें ताकि सब लोग सुखी एवं संपन्न जीवन व्यतीत कर सकें।

# मर्रो-धनूपुर मार्ग की मरम्मत ग्रामीणों में हर्षोल्लास



**जंघई।** चतुरपट्टी मर्रो बाजार से कलना, विक्रमपुर गांव होते हुए धनूपुर बाजार जाने वाली सड़क की विगत कई वर्षों से मरम्मत नहीं हुई थी, मरम्मत के अभाव में सड़क जीर्ण अवस्था में हो गई थी, सड़क टूटने के कारण सैकड़ों गड्ढे हो गए थे इसमें लोग गिरकर चुटहिल हो रहें थे। इस मार्ग पर 24 घंटे छोटे बड़े वाहनों का आवागमन रहता है 3 किमी लंबाई की यह सड़क पूर्णतः गड्ढे में तब्दील हो चुकी थी दुर्घटना होती रहती थी। इस सड़क पर चार पहिया एवं दो पहिया वाहन रेंगते हुए चलते थे अधिक स्पीड में कोई भी गाड़ी नहीं चल सकती थी क्योंकि इतने अधिक गड्ढे हो गए थे। लोक निर्माण विभाग प्रयागराज द्वारा इस सड़क की मरम्मत करवाई जा रही है जिससे आवागमन करने वाले ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों हर्षोल्लास है कि बहुप्रतिक्षित सड़क बन रही है।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत थाना करछना पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक



**करछना, प्रयागराज।** मिशन शक्ति फेस 5.0 के अंतर्गत थाना करछना पुलिस टीम द्वारा सोमवार को विंध्यवासिनी मंदिर घटवा करछना में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं एवं छात्राओं को महिला सशक्तिकरण, मिशन शक्ति अभियान तथा साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मिशन शक्ति टीम ने उपस्थित महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उच्च अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी भी साझा की गई।

इस दौरान टीम ने महिलाओं को बताया कि किसी भी आपात स्थिति में वे वूमेन पावर लाइन 1090, घरेलू हिंसा हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकती हैं। पुलिस टीम ने साइबर अपराधों से बचाव के उपायों पर विशेष जोर देते हुए बताया कि किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या ऑनलाइन फ्रॉड से सतर्क रहें और तुरंत संबंधित हेल्पलाइन पर सूचना दें। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं में जागरूकता और उत्साह देखने को मिला।

# रसोई गैस की किल्लत से जूझ रहे ग्रामीण, एजेंसियों की कालाबाजारी में नहीं लग रही लगाम



**बारा, प्रयागराज।** रसोई गैस की किल्लत के बीच बारा क्षेत्र में गैस की कालाबाजारी भी शुरू हो गई है। क्षेत्र में इंडेन गैस का न तो कार्यालय है न ही गोदाम। आखिर उपभोक्ता कहां शिकायत दर्ज कराएं।

शासन द्वारा रसोई गैस की बुकिंग की समय सीमा बढ़ा दी गई है।इस आदेश के जारी होते ही क्षेत्र में रसोई गैस सिलेंडर की आपूर्ति में हेराफेरी शुरू हो गई है। स्थानीय प्रशासन मौन है। उपभोक्ताओं ने बताया कि इंडेन गैस का बारा क्षेत्र में कहीं भी कार्यालय नहीं है।न ही गोदाम बनाया गया है। इंडेन गैस की एजेंसियों द्वारा प्रयागराज के नजदीक ही कार्यालय बनाया गया है और गोदाम भी। उपभोक्ताओं ने बताया कि गैस बुकिंग के पखवाड़ा बीत जाने के बावजूद आपूर्ति नहीं की गई है। सूत्रों के अनुसार जसरा बाजार के बाईपास के पास एक व्यक्ति द्वारा सिलेंडर की कालाबाजारी की जा रही है।इस संबंध में एसडीएम बारा प्रेरणा गौतम ने बताया कि गैस की कमी नहीं है। कालाबाजारी की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# राजन महाराज की कथा हेतु जिम्मेदारियों का वितरण

**अखंड भारत संदेश**



**जंघई।** देवबरा धाम, पिपरी में 28 मार्च से 5 अप्रैल के मध्य अंतरराष्ट्रीय कथावाचक राजन महाराज की संगीतमय श्रीराम कथा के लिए भव्य तैयारियां अंतिम चरण में हैं। श्रीराम कथा के विशाल पंडाल में नौ दिन की कथा में लाखों भक्तों की भारी भीड़ जुटने की उम्मीद है। यह कथा आध्यात्मिक आनंद और नैतिक मूल्यों का संदेश देती है, जिसे महाराज जी के सानिध्य में भव्य रूप से कार्यक्रम संयोजक राधे मोहन पांडेय मुन्ना के भागीरथी एवं अतुलनीय, अथक प्रयास से आयोजित किया जा रहा है। विगत एक वर्ष से कथा की भव्य तैयारी हेतु विभिन्न टोली बनाकर संपर्क करके एवं निमंत्रण पत्र सौंपकर श्रीराम कथा को दिव्य एवं भव्य बनाने हेतु सहयोगियों द्वारा प्रतिदिन अथक प्रयास किया जा रहा है। राजन महाराज की यह कथा धार्मिक, आध्यात्मिक महत्व रखती है, जिसमें वे भक्ति की महत्ता पर प्रकाश डालेंगे आयोजन को सफल बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। मंगलवार शाम को कथा पंडाल में एक बैठक आयोजित की गई जिसमें समितियों एवं उनके सदस्यों के बारे में उनकी जिम्मेदारी बताई गई और सभी को पूरी ऊर्जा से अपने दायित्व का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर भाजपा नेता अवधेश कुमार तिवारी, बालकृष्ण तिवारी, रविंद्र पांडेय, सुरेश पांडेय, हरिप्रसाद मिश्र, कल्लू नेता, जगदीश तिवारी, पिंटू पांडेय, अजय पांडेय, विकास पांडेय, अनुराग पांडेय, आकाश दुबे, निशांत तिवारी, साहब तिवारी, अंशुमान शुक्ल, प्रदीप यादव, आदर्श पांडेय, रोहित भभया सहित सैकड़ों सहयोगी मौजूद रहे।

## कोल्ड स्टोरेज विस्फोट कांड में फरार चल रहे तीन आरोपियों की हुई गिरफ्तारी

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** फाफामऊ थाना क्षेत्र के चंदापुर मोरहू स्थित कोल्ड स्टोरेज हादसे में पुलिस ने कार्रवाई तेज करते हुए तीन वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार को संयुक्त पुलिस टीम ने मलाक हरहर स्थित भदरी रेलवे ओवरब्रिज के पास से इन्हें दबोचा।

23 मार्च को हुए इस हादसे में अमोनिया गैस चैंबर फटने से कोल्ड स्टोरेज की दीवार और छत भरभराकर गिर गई थी। मलबे में दबने से 18 मजदूर घायल हो गए थे, जिनमें से चार की मौत हो गई थी, जबकि अन्य को समय रहते बाहर निकालकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

घटना के बाद प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, फायर ब्रिगेड और नगर निगम की टीमों ने संयुक्त रूप से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया था।

इस मामले में थाना फाफामऊ में नामजद और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस आयुक्त के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत अंसार अहमद, अलाउद्दीन और मंजूर इलाही को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक फार्च्यूनर कार और कोल्ड स्टोरेज से जुड़े अहम दस्तावेज व रजिस्टर भी बरामद किए हैं। अधिकारियों के अनुसार, अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और सभी दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## कोल्ड स्टोरेज हादसे पर मंत्री का दौरा, घायलों से मिलकर लिया हाल, मानक जांच के आदेश

अखंड भारत संदेश





**प्रयागराज।** चंदापुर स्थित आदर्श कोल्ड स्टोरेज हादसे के बाद प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने मंगलवार को मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के बाद मंत्री बेली अस्पताल और स्वरूप रानी मेडिकल कॉलेज पहुंचे, जहां भर्ती घायलों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि सभी घायलों को बेहतर से बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जाए। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की।इसके बाद मंत्री ने पुलिस आयुक्त, जिलाधिकारी और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर पूरे घटनाक्रम की समीक्षा की। उन्होंने उद्यान विभाग को निर्देश दिया कि जिले में संचालित सभी शीतगृहों की निर्धारित मानकों के अनुरूप जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। जहां भी मानकों का पालन नहीं हो रहा है, वहां सख्त कार्रवाई करते हुए संचालन बंद कराया जाए।मंत्री ने बताया कि हादसे की जांच के लिए संयुक्त निदेशक उद्यान की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित की गई है, जो एक सप्ताह में रिपोर्ट देगी। रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रारंभिक जांच में लापरवाही सामने आने पर जिला उद्यान अधिकारी के निलंबन की भी जानकारी दी गई।उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार ने इस घटना को गंभीरता से लिया है। राहत एवं बचाव कार्य में प्रशासन और पुलिस की टीम लगातार जुटी हुई है। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि कोल्ड स्टोरेज में रखे किसानों के आलू के नुकसान की भरपाई संचालक से जल्द कराई जाएगी।

## मेजा बार एसोसिएशन चुनाव : नौ पदों के लिए 25 प्रत्याशियों ने दाखिल किया पर्चा, नामांकन प्रक्रिया पूरी, 26 मार्च को होगा नाम वापसी



मंत्री पद हेतु पर्चा दाखिल करने जाते नरेंद्र त्रिपाठी और मनोज कुमार शुक्ला

**मेजा।** बार एसोसिएशन मेजा के नई कार्यकारिणी सत्र 2026- 27 के गठन के लिए 23 व 24 मार्च को 9 पदों के लिए कुल 25 उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया। अध्यक्ष पद के लिए जहां अनिल कुमार यादव, नरेंद्र कुमार त्रिपाठी, श्रीकांत तिवारी और हरिशंकर मिश्रा ने पर्चा भरा। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए अब्दुल हक अंसारी, गोविंद प्रसाद मिश्र और प्रभाकर श्रीवास्तव ने नामांकन किया। इसी क्रम में मंत्री पद के लिए मनोज कुमार शुक्ला और संजय कुमार ने नामांकन पर्चा दाखिल कर दावेदारी ठोंकी है। जबकि उपमंत्री के लिए लाल बहादुर सिंह, कोषाध्यक्ष के लिए अश्वनी कुमार जैन, पुस्तकालयाध्यक्ष के लिए धर्मपाल दोहरे, आय - व्यय निरीक्षक के लिए कमल नारायण पांडे ने पर्चा दाखिल किया है। सदस्य कार्यकारिणी वरिष्ठ के लिए गुड्डू राम, प्रभंजन कुमार दोहरे, रामकृष्ण, सुरेंद्रनाथ मिश्रा और विजेंद्र कुमार पांडे तथा सदस्य कार्यकारी कनिष्ठ के लिए अनुपम कुमार मिश्रा, दीपक शुक्ला, दीपचंद यादव, राकेश कुमार तिवारी, शैलेश कुमार यादव, सुशील कुमार और विनोद कुमार यादव ने नामांकन कराया। नामांकन के दूसरे और अंतिम दिन कुल 16 प्रत्याशियों ने पर्चा भरा। अध्यक्ष पद से दो , उपाध्यक्ष से एक, मंत्री से एक, उपमंत्री से एक, कोषाध्यक्ष से एक, पुस्तकालयाधक से एक, आय - व्यय निरीक्षक से एक, वरिष्ठ सदस्य से तीन और कनिष्ठ सदस्य से पांच प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। निर्वाचन अधिकारी आनंद कुमार पांडेय व सहायक निर्वाचन अधिकारी हीरालाल मिश्र (मधुप) ने बताया कि सभी नौ पदों के लिए कुल पच्चीस प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया है। सभी पर्चों की जांच 25 मार्च को होगी। 26 मार्च को नाम वापसी और उसी दिन फाइनल प्रत्याशियों की चुनाव लड़ने की घोषणा की जाएगी।

## नींव की खुदाई बनी हादसे की वजह, मकान ढहा मलबे में दबकर मजदूर की मौत, एक गंभीर

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** साउथ मलाका क्षेत्र में मंगलवार को निर्माण कार्य के दौरान बड़ा हादसा हो गया। एक प्लॉट में नींव की खुदाई और पिलर बांधने का काम चल रहा था, तभी बगल में स्थित एक मकान का हिस्सा अचानक भरभराकर ढह गया। मलबे में दो मजदूर दब गए, जिन्हें पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर हालत में भर्ती है। जानकारी के अनुसार, हादसा दोपहर करीब तीन बजे हुआ। साउथ मलाका में प्रकाश केशरवानी के मकान के पास खाली प्लॉट में निर्माण कार्य चल रहा था। यहां करीब नौ मजदूर काम कर रहे थे। अचानक बगल के मकान की दीवार कमजोर होने के कारण ढह गई और इसका असर पहले और ग्राउंड फ्लोर तक पहुंचा, जिससे दो मजदूर मलबे में दब गए।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। अन्य मजदूरों और स्थानीय लोगों ने शोर मचाकर राहत कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचना दी। थोड़ी ही देर में पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने दोनों मजदूरों को बाहर निकालकर अस्पताल भेजा।

मृतक की पहचान 40 वर्षीय विनोद कुमार के रूप में हुई है, जो मध्य प्रदेश के हनुमना का रहने वाला था। वह अपनी पत्नी के साथ प्रयागराज में मजदूरी कर रहा था। घटना के बाद उसकी पत्नी मौके पर बिलख पड़ी। वहीं घायल मजदूर शारदा (30) की हालत गंभीर बनी हुई है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, लगातार खुदाई के चलते मकान की नींव कमजोर हो गई थी, जिससे यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि निर्माण कार्य ठेकेदार शुभम की देखरेख में चल रहा था, जो घटना के बाद मौके से फरार हो गया।

सूचना मिलते ही इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। डीसीपी सिटी मनीष कुमार शांडिल्य समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## प्रयागराज में अवैध प्लाटिंग पर पीडीए का बुलडोजर, 15 बीघा जमीन पर की गई कार्रवाई




अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** अवैध निर्माण और प्लाटिंग के खिलाफ अभियान चलाते हुए प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की। जोन-02 के उपजोन-2ए क्षेत्र में करीब 15 बीघा जमीन पर की गई अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया गया। पीडीए अधिकारियों के अनुसार, शॉहा उर्फ पीपलगांव क्षेत्र में वाजित अली उर्फ गुड्डू भूषा और अन्य लोगों द्वारा करीब 10 बीघा भूमि पर अवैध प्लाटिंग की गई थी, जिसे बुलडोजर चलाकर हटाया गया। वहीं, कसारी मसारी इलाके में शकील, दानिस और अन्य के द्वारा लगभग 5 बीघा में की गई अवैध प्लाटिंग पर भी कार्रवाई करते हुए उसे ध्वस्त कर दिया गया। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ प्राथमिकी (एफआईआर) भी दर्ज कराई जाएगी, ताकि भविष्य में इस तरह की गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। यह कार्रवाई जोनल अधिकारी के नेतृत्व में की गई, जिसमें अवर अभियंता, सुपरवाइजर, पीडीए प्रवर्तन टीम और थाना एयरपोर्ट पुलिस की मौजूदगी रही।

पीडीए ने चेतावनी दी है कि शहर में कहीं भी अवैध निर्माण या प्लाटिंग पाए जाने पर इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में सख्ती: लापरवाह अधिकारियों पर गिरी गाज, सुधार के सख्त निर्देश

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई, जिसमें कई खामियां सामने आने पर जिलाधिकारी ने सख्त नाराजगी जताई और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए।

बैठक में टढउऊरु पोर्टल पर पूरे वित्तीय वर्ष में एक भी बाल मृत्यु की रिपोर्ट दर्ज न करने पर जिलाधिकारी ने बहरिया, रामनगर, चाका, सैदाबाद, कोराव, कौड़ीहार और सोरांव के चिकित्सा अधीक्षकों को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। साथ ही, कार्यक्रम की मॉनिटरिंग में लापरवाही बरतने पर डिप्टी सीएमओ डॉ. राजेश सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने आशा कार्यकताओं से बाल मृत्यु की रिपोर्टिंग प्राप्त न करने पर डीसीपीएम अशफाक अहमद का वेतन रोकने के निर्देश दिए। वहीं, एचबीएनसी विजिट में लापरवाही बरतने पर कोराव, करछना, बहरिया, उरुवा, फूलपुर सहित कई ब्लॉकों के बीसीपीएम और स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारियों का वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने का आदेश दिया गया। टीकाकरण से संबंधित बैठकों में अनुपस्थित रहने पर कोराव और कौंधियारा के बीसीपीएम तथा कई स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में आयुष्मान कार्ड की प्रगति की समीक्षा के दौरान जनपद की खराब रैंकिंग पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी (आईसीडीएस) को आंगनवाड़ी कार्यकताओं के आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी चिकित्सा अधीक्षकों को जिला पूर्ति अधिकारी के साथ समन्वय कर पात्र व्यक्तियों के कार्ड बनवाने को कहा गया।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि कल शाम तक सभी जीरो पावर्टी लाभार्थियों के शत-प्रतिशत आयुष्मान (गोल्डन) कार्ड बनाए जाएं, अन्यथा संबंधित अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अरुण कुमार तिवारी समेत स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## श्रीकृष्ण की लीलाएं केवल धार्मिक प्रसंग नहीं बल्कि इनमें छिपे हैं आध्यात्मिक संदेश : आचार्य अमित शुक्ल

### मेजा के शुक्लापुर गांव में चल रही साप्ताहिक भागवत कथा में आचार्य ने सुनाई भगवान श्रीकृष्ण के बाल लीलाओं पर आधारित प्रसंग, भक्तिमय हुआ पूरा पंडाल

अखंड भारत संदेश



श्रीमद भागवत कथा में श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते आचार्य अमित कुमार शुक्ल

**मेजा।** क्षेत्र के शुक्लपुर गांव में चल रही साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा के दौरान मंगलवार को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा व्यास आचार्य अमित कुमार शुक्ल ने जैसे ही बाल्यकाल की लीलाओं का प्रसंग प्रारंभ किया, पूरा पंडाल भक्तिमय हो उठा। कथा में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए बताया गया कि किस प्रकार नटखट बालक के रूप में भगवान श्रीकृष्ण ने गोकुल व वृंदावन में अपनी अद्भुत लीलाओं से सभी को मोहित कर लिया। माखन चोरी की लीला के माध्यम से उन्होंने सिखाया कि भगवान अपने भक्तों के प्रेम के वश में रहते हैं। पूतना वध की कथा में बताया गया कि कैसे भगवान ने बाल्यावस्था में ही दुष्टों का संहार कर धर्म की रक्षा की। इसी क्रम में शकटासुर वध की लीला का वर्णन करते हुए कहा गया कि भगवान श्रीकृष्ण ने बाल्यकाल में ही असुर शक्तियों का अंत कर यह संदेश दिया कि सत्य और धर्म की हमेशा विजय होती है। कालिया नाग दमन की लीला में बताया गया कि भगवान ने यमुना नदी को विषमुक्त कर जन-जन के कल्याण का कार्य किया। इन सभी लीलाओं के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि भगवान अपने भक्तों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। कथा के दौरान आचार्य ने कहा कि श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं केवल धार्मिक प्रसंग नहीं हैं, बल्कि इनमें गहरे आध्यात्मिक और नैतिक संदेश छिपे हैं। इन लीलाओं से हमें प्रेम, करुणा, निडरता, सेवा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। कथा श्रवण के दौरान श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और राधे राधे व जय श्रीकृष्ण के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो गया।

आयोजक अंतरराष्ट्रीय लोक गायक सुजीत तिवारी एवं मंजित तिवारी (तिवारी बंधु) ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा का उद्देश्य समाज में धार्मिक व सांस्कृतिक मूल्यों का प्रसार करना है। कथा श्रवण से मन को शांति मिलती है और जीवन में सकारात्मकता का संचार होता है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने की अपील की। कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व लोकसभा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने कहा श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और नई पीढ़ी को संस्कार देने का माध्यम है। ऐसे आयोजनों से क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। कथा में मुख्य यजमान शीतला प्रसाद तिवारी उर्फ बंधु तिवारी के साथ चितामणि तिवारी, निर्मला तिवारी, साहब लाल तिवारी, नेहला तिवारी, चेदी लाल तिवारी, विमला तिवारी, मुन्ना लाल तिवारी व कुसुम तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। इस दौरान कथा में राम कृष्ण त्रिपाठी, डॉ. अनिल पांडेय, शशी द्विवेदी, पिंटू चौबे व प्रमोद पयासी की भी उपस्थिति रही। आयोजन के क्रम में 27 मार्च को पूर्णाहुति एवं हवन तथा 28 मार्च को महाप्रसाद वितरण व विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## बारा पावर प्लांट में सोलर लैब व सिलाई केंद्र का शुभारंभ, युवाओं व महिलाओं को मिलेगा प्रशिक्षण

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** बारा तहसील स्थित प्रयागराज पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड (पीपीजीसीएल) परिसर में मंगलवार को मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने रूफटॉप सोलर पीवी लैब और महिला सशक्तिकरण के लिए सिलाई लैब का शुभारंभ किया। इस दौरान टाटा पावर के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। रूफटॉप सोलर पीवी लैब की स्थापना टाटा पावर स्किल डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट के तहत की गई है। इसका उद्देश्य युवाओं को सौर ऊर्जा, विद्युत प्रणाली और रिन्यूएबल ऊर्जा से जुड़े क्षेत्रों में व्यावहारिक प्रशिक्षण देना है, ताकि वे रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। अधिकारियों के अनुसार, यह पहल क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा के प्रसार और तकनीकी कौशल को बढ़ावा देने में सहायक होगी।

इसी क्रम में ह्यअनोखा धागाह्न पहल के तहत महिलाओं के लिए सिलाई लैब की शुरूआत की गई। इस केंद्र में 35 से अधिक आधुनिक सिलाई मशीनें स्थापित की गई हैं, जहां महिलाओं को सिलाई, परिधान और बैग निर्माण का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद महिलाएं स्वयं का रोजगार शुरू कर सकेंगी और अपनी आय बढ़ा सकेंगी। कार्यक्रम के दौरान डीएवी सरदार पटेल पब्लिक स्कूल, बारा के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिससे माहौल उत्साहपूर्ण रहा। समापन पर पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर टाटा पावर के सीएचआरओ एवं चीफ सस्टेनेबिलिटी एंड सीएसआर हिमाल तिवारी, पीपीजीसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशोक पांडा सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। वक्ताओं ने इस पहल को क्षेत्र के विकास, कौशल संवर्धन और महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## दबिश से लौट रही नैनी पुलिस की गाड़ी पलटी, चार पुलिसकर्मी घायल

**प्रयागराज।** एक बड़ा सड़क हादसा सामने आया है।मंगलवार की भोर में दबिश देकर लौट रही पुलिस टीम की कार अचानक से डिवाइडर से टकराकर पलट गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल घायल दरोगा और सिपाहियों को एम्बुलेंस से इलाज के लिए स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती करा दिया। जहां सभी का इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी पर पुलिस अधिकारियों ने भी अस्पताल पहुंचकर हाल जाना। नैनी कोतवाली में दर्ज एक मुकदमे से जुड़ अभियुक्त की पुलिस लगातार तलाश कर रही थी। मंगलवार की भोर में उसकी लोकेशन शिवकुटी थाना क्षेत्र के रसूलाबाद में मिली। जिसके बाद अभियुक्त को पकड़ने के लिए नैनी थाने के तीन दारोगा बलिराम, हर्ष कुमार, धर्मेंद्र यादव और एक महिला सिपाही संगीता प्राइवेट गाड़ी से दबिश देने जा रहे थे। इसी दौरान रसूलाबाद के पास रास्ते में मवेशी आने के कारण वाहन अनियंत्रित हो गया और फिर डिवाइडर से टकराकर पलट गया। इससे मौके खलबली मच गई। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन सभी घायलों को स्वरूपरानी नेहरू (एसआरएन) अस्पताल में भरती कराया गया। वहां उनका इलाज चल रहा है।

## एसीपी मेजा एसपी उपाध्याय ने जनसुनवाई में पीड़ितों की सुनीं शिकायतें, दिए आवश्यक निर्देश

### कहा- जन सुनवाई में पीड़ितों की शिकायतों का समाधान करने से आए दिन हो रहे छोटे मोटे अपराधों का ग्राफ घटेगा और आम जनता भी रहेगी खुशहाल



जनसुनवाई में शिकायतों का निस्तारण करते एसीपी मेजा

**मेजा।** मंगलवार को सहायक पुलिस आयुक्त मेजा एसपी उपाध्याय ने स्वयं के कार्यालय में जनसुनवाई कर फरियादियों की शिकायतें सुनी और उसके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि जन सुनवाई में आने वाले पीड़ितों की शिकायतों का समाधान करने से सर्किल में अपराधों का ग्राफ प्रायः घटता है। उल्लेखनीय है कि विभाग में अपने दायित्वों के निर्वहन के प्रति सक्रिय रहने वाले सन 2020 के पीपीएस अधिकारी श्री उपाध्याय पूरे सर्किल में अपराध नियंत्रण के साथ साथ जन सुनवाई में आने वाले फरियादियों की शिकायतों का समाधान एक अलग अंदाज में कर रहे हैं। जिसको लेकर सर्किल की आम जनता उनकी बेहद प्रशंसा कर रही है। विदित हो कि जनसुनवाई में फरियादियों की समस्याओं के प्रति बेहद गंभीर एसीपी श्री उपाध्याय नियमित रूप से स्वयं के कार्यालय में जनसुवाई कर लोगों की शिकायतों का त्वरित समाधान कर इन दिनों सुर्खियों में बने हुए हैं। जनसुनवाई के दौरान मेजा मांडा और कोरांव के कई फरियादी अपनी अपनी समस्याएं सहायक पुलिस आयुक्त से साझा किए जिसके त्वरित समाधान हेतु उन्होंने संबंधितों को आवश्यक एवं कड़े आदेश निर्देश दिए। उनका मानना है कि जन सुनवाई में आने वाले गरीब पीड़ितों की शिकायतों के त्वरित समाधान होने से प्रायः अपराधों का ग्राफ घटता है। इस मौके पर भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ उमेश चंद्र द्विवेदी के अलावा दूर दराज क्षेत्रों से आए कई अन्य फरियादी गण प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# अधिशासी अधिकारी भरवारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने व वेतन रोकने के निर्देश

अखंड भारत संदेश

## जिलाधिकारी ने की नगर-निकायों के निर्माण कार्यो एवं डूंडा के कार्यो की प्रगति की समीक्षा

**भरवारी कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने मंगलवार को कार्यालय कक्ष में नगर पालिका परिषद/नगर पंचायतों के निर्माण कार्यों एवं डूंडा के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत नगर-निकायों में कराए जा रहें कार्यो की प्रगति की समीक्षा के दौरान नगर पालिका परिषद भरवारी में निर्माण कार्य लम्बित पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए अधिशासी अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के साथ ही वेतन रोकने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने नगर पालिका परिषद भरवारी के अवर



अभियंता को हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने अपर जिलाधिकारी शालिनी प्रभाकर को नगर पालिका परिषद भरवारी के निर्माण कार्यों की प्रतिदिन समीक्षा करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी दारानगर,चरवा व पश्चिम शरीरा को निर्माण कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारियों से कहा कि विद्यालयों में बाउण्ड्री वाल, शौचालय एवं टाईलीकरण आदि कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जाय तथा विद्यालयों में प्रतिदिन साफ-सफाई कार्य सुनिश्चित किया जाय। नगर निकायों में साफ-सफाई के कार्यों की मॉनिटरिंग किया जाय। जिलाधिकारी ने 15वॉ वित्त आयोग, वंदन योजना, नगरोदय योजना तथा सीवरेज व जल निकासी योजना के अन्तर्गत निकाय वार कराए जा रहें कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूर्ण कराई जाय। इसके साथ ही उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्माण कार्यों का प्रभावी अनुश्रवण करने एवं मौके पर भ्रमण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने डूडा के कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान परियोजना अधिकारी आकाश सिंह से कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत अधूरे आवासों का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करवाया जाय। बैठक में अपर जिलाधिकारी शालिनी प्रभाकर सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# नवरात्रि पर खाद्य विभाग की सख्ती कई दुकानों से लिए नमूने

**कौशाम्बी।** डीएम डॉ.अमित पाल के निर्देश पर नवरात्रि के पर्व पर खाद्य विभाग की टीम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कई दुकानों की जांच की है और खाद्य पदार्थों का सैंपल लिया है अभियान के दौरान चायल सिराथू समेत कई बाजारों में खाद्य विभाग की टीम ने छापेमारी कर पनीर, दही,खोया व काजू के नमूने लिए हैं विक्रेताओं को साफ-सफाई व नियम पालन के निर्देश दिए गए हैं एक्सपायरी खाद्य पदार्थ न बेचने पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी दी गई है छापामारी टीम में शिवप्रताप तिवारी समेत कई अधिकारी शामिल रहे।

# टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायतों के 54 ग्राम प्रधानों को किया गया सम्मानित



अखंड भारत संदेश

## आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड किया गया प्रदान

**कौशाम्बी।** विश्व टी.बी. दिवस एवं प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में उदयन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जनपद के 54 टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को महात्मा गांधी जी की प्रतिमा व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।जनपद में टी.बी. के इलाज पर चल रहे मरीजों को पौष्टिक आहार भी दिया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार ने टी.बी. के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की कार्यक्रम में आयुष्मान भारत योजना के 05 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। कार्यक्रम में डीएम पूर्व विधायक जिला क्षय रोग अधिकारी व हुबलाल दिवाकर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# विश्व टीबी दिवस पर जागरूकता एवं स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन



**कौशांबी।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा विश्व टीबी दिवस के अवसर पर 24 मार्च को जनजागरूकता एवं स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन प्राथमिक विद्यालय छोगरिया का पूरा में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य क्षय रोग के प्रति लोगों को जागरूक करना, समय पर जांच एवं उपचार के महत्व को समझाना तथा टीबी मुक्त समाज की दिशा में सामूहिक प्रयास को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ. हरिओम कुमार सिंह द्वारा जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया। इसके पश्चात चिकित्सा टीम द्वारा जनसमुदाय एवं विद्यालयों में जाकर टीबी के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि टीबी एक संक्रामक रोग है, लेकिन इसका पूर्ण उपचार संभव है। उन्होंने बताया कि दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी, बुखार, वजन कम होना और रात में पसीना आना इसके प्रमुख लक्षण हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत जांच करानी चाहिए यह पाया गया है कि नवीनत आकडो. के अनुसार हर वर्ष लगभग लाखों लोग इस रोग से प्रभावित होते है, भारत में इसका बोझ सबसे अधिक है। टी0बी0 चेस्ट विभाग के डा0 संजीव कुमार सिंह द्वारा टीबी के कारण, लक्षण, जांच एवं उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा टीबी की जांच एवं उपचार की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है और मरीजों को नियमित दवा सेवन करना अत्यंत आवश्यक है। कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के डा0 संतोष कुमार ने बताया कि टीबी से बचाव के लिए पोषण, स्वच्छता, खांसते-छींकते समय मुंह ढकना तथा समय पर जांच और उपचार अत्यंत जरूरी है। साथ ही यह भी बताया गया कि टीबी मरीजों के प्रति भेदभाव नहीं करना चाहिए, बल्कि उनका सहयोग करना चाहिए सरकार द्वारा चलाई जा रही पोसण सहायता 1000 रू0 प्रतिमाह प्रदान की जा रही है।कार्यक्रम के दौरान आये हुए मरीजों की जांच की गई एवं आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवा वितरित की किया गया।अंत में सभी को टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु जागरूक रहने एवं दूसरों को जागरूक करने का संकल्प दिलाया गया।इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के संकाय सदस्य,स्वास्थ्य कमी एवं इंटर्न उपस्थित रहे।

# मुमताज की मौत के आरोपी को पकड़ने के बाद थाना पुलिस ने छोड़ा

अखंड भारत संदेश

## चौकी पुलिस और प्रतिनिधि के संरक्षण में होता है चौराडीह में जुआ का संचालन

**कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के मुमताज जुआ खेलने के दौरान 10 लाख रुपए की रकम चरवा थाना क्षेत्र के चौराडीह गांव के जुआ की फड़ पर हार गए थे जिस पर जुआ संचालक से उनका विवाद हुआ था और विवाद के बाद रहस्यमय परिस्थितियों में मुमताज की मौत हुई थी मुमताज का मोबाइल भी गायब हो गया था जो बाद में जुआ संचालक के पास से बरामद हुआ है कुछ लोगों का कहना है कि मुमताज ने फांसी लगाई है तो कुछ लोगों का कहना है कि मुमताज की हत्या कर दी गई थी पोस्टमार्टम में मौत का कारण रिपोर्ट की जानकारी पुलिस नहीं दे रही है चरवा थाना क्षेत्र के चौराडीह गांव में एक प्रतिनिधि के संरक्षण में जुआ का खेल बीते कई वर्षों से हो रहा है प्रतिनिधि के संरक्षण में पलने वाले जुआ संचालक और मुमताज की मौत की चर्चा जन-जन की जुबान में है चौराडीह के इस जुआ की फड़ में लाखों रुपए रोज का जुआ खुलेआम होता है संचालक को प्रतिनिधि द्वारा संरक्षण दिया जाता है और चौकी पुलिस इस प्रतिनिधि के शरण में दिखाई पड़ती है प्रतिनिधि के मधुर संबंधों के चलते जुआ के इस खेल को चौकी पुलिस बंद नहीं कर पा रही है चर्चा पर जाए तो चौकी पुलिस और प्रतिनिधि के संरक्षण में जुआ संचालन किया जाता हैं जहां जुआ खेलने वाले लोगों से बड़ी वसूली भी होती है जुआ संचालन का वीडियो भी खुलेआम सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है जुआ की फड़ में 10 लाख रुपए हारने के बाद मुमताज की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत के मामले में उसके परिवार के लोगों ने जुआ संचालक पर गंभीर आरोप लगाए थे जुआ संचालन करने वाले आरोपी को मुमताज की मौत का गुनहगार मानते हुए पिपरी थाना पुलिस गिरफ्तार करके सोमवार को थाना ले गई थी जैसे ही जुआ संचालक की गिरफ्तारी की जानकारी इस दबंग प्रतिनिधि को हुई कई लोगों के साथ पिपरी थाना पहुंच गया और मुमताज की मौत के गुनहगार जुआ संचालक को छोड़ने का प्रयास करने लगा है दबाव के चलते पुलिस ने मुमताज की मौत के गुनहगार जुआ संचालक को छोड़ दिया है बताया जाता है कि पकड़े गए आरोपी जुआ संचालक से 50 हजार रुपए की वसूली कर ली गई है चर्चा है कि आरोपी को थाने से छुड़वाने की एवज में वसूली करने वाले प्रतिनिधि ने थाना पुलिस तक रकम पहुंचाने की बात कहकर रकम की वसूली की है जुआ संचालक को छोड़ने के बदले वसूली गई रकम में कौन-कौन हिस्सेदार है यह तो जांच का विषय है लेकिन चरवा थाना क्षेत्र के चौराडीह गांव में लंबे समय से जम रही जुआ फंड का संचालन भी नहीं बंद हुआ और मुमताज की मौत के गुनहगार भी जेल नहीं गए हैं।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ अमित पाल की अध्यक्षता में एन.आई.सी. सभागार में जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश किए गए जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसके माध्यम से देश की सामाजिक,आर्थिक एवं जन सांख्यिकीय स्थिति का सटीक आकलन किया जाता है। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समय-सीमा के अंदर सभी तैयारियां/कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।उप निदेशक, जनगणना अजय कुमार ने बताया कि जनगणना 03 चरणों में संपन्न की जाएगी। प्रथम चरण दिनांक 22 मई,2026 से 20 जून,2026 तक मकानों का सूचीकरण व मकानों की गणना की जाएगी। द्वितीय चरण दिनांक 9 फरवरी, 2027 से 28 फरवरी,2027 तक जनगणना की जाएगी। उन्होंने जनगणना से संबंधित प्रशिक्षण,कामिकों की नियुक्ति,क्षेत्र निर्धारण,डेटा संकलन, तकनीकी व्यवस्थाओं एवं जागरूकता कार्यक्रमों सहित सभी पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जनगणना के दौरान आमजन का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। इसलिए व्यापक स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाया जाना आवश्यक है, जिससे लोग सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध करा सकें। बैठक में अपर जिलाधिकारी शालिनी प्रभाकर जिला सूचना व विज्ञान अधिकारी रविन्द्र जायसवाल, सभी उप जिलाधिकारी गण तहसीलदारगण सभी अधिशासी अधिकारीगण एवं सभी खण्ड शिक्षाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# एनएसएस के विशेष शिविर का भवंस मेहता महाविद्यालय में भव्य शुभारंभ

अखंड भारत संदेश



**भरवारी कौशांबी।** भवंस मेहता महाविद्यालय में 24 मार्च से राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के विशेष शिविर का भव्य शुभारंभ उत्साह और ऊर्जा के साथ किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय का वातावरण सेवा,समर्पण और सामाजिक जागरूकता के भाव से ओत-प्रोत दिखाई दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के स्वागत और दीप प्रज्वलन के साथ हुई,जिसने पूरे आयोजन को एक गरिमामयी स्वरूप प्रदान किया।इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि कौशांबी जिले के एनएसएस नोडल अधिकारी डॉ.पवन कुमार ने छात्र-छात्राओं को एनएसएस की महत्ता,उसके उद्देश्यों और समाज में उसकी भूमिका के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि एनएसएस केवल एक कार्यक्रम नहीं,बल्कि युवाओं के व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है,जो उन्हें समाज के प्रति जिम्मेदार और संवेदनशील बनाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को सेवा,अनुशासन और नेतृत्व की भावना को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. प्रबोध श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को इस विशेष शिविर का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविर छात्रों को न केवल सामाजिक अनुभव प्रदान करते हैं, बल्कि उनके अंदर आत्मविश्वास और टीम वर्क की भावना को भी विकसित करते हैं।उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे पूरे समर्पण और निष्ठा के साथ शिविर की गतिविधियों में भाग लें और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को समझें। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मोहम्मद आदिल ने शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत विभिन्न सामाजिक,शैक्षिक एवं स्वच्छता से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता फैलाना,पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को प्रेरित करना तथा स्वच्छता अभियान को सशक्त बनाना है। इसके अतिरिक्त समाजशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर दीपक कुमार ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी ताकत है और यदि यह शक्ति सही दिशा में कार्य करे तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। उन्होंने छात्रों को सामाजिक समस्याओं के प्रति जागरूक रहने और उनके समाधान में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं में उत्साह और प्रेरणा का अद्भुत संचार देखा गया। यह विशेष शिविर निश्चित रूप से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और समाज सेवा की भावना को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## दुष्कर्म आरोपी से 6 महीने तक परिजनों ने की सौदेबाजी फिर दर्ज कराया मुकदमा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** नाबालिक बालिका के परिजनों के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र में सितंबर 2025 में एक नाबालिग बालिका के साथ युवक ने रेप किया था मामले को धीरे-धीरे 6 महीने बीत गए 23 मार्च को बालिका की माता ने मंझनपुर कोतवाली पुलिस को रेप की सूचना दी है 6 महीने तक आरोपी युवक से बालिका के परिवार के लोग सौदेबाजी करते रहे और आरोपी युवक से धन की वसूली बालिका के परिवार के लोगों द्वारा की गई बताया जाता है कि युवक और बालिका के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध चल रहा था और दोनों प्रेमी युगल की तरह एकांत में मिलते थे लेकिन बाद में मामले को बलात्कार की संज्ञा दे दी गई है बालिका और युवक के प्रेम प्रपंच के बीच बालिका गर्भवती हो गई आरोपी ने गर्भपात की दवा खिला दी युवक से सौदेबाजी के बाद भी परिजन संतुष्ट नहीं हुए और उसके बाद बालिका के परिजनों की सूचना पर मंझनपुर कोतवाली में अभियोग पंजीकृत हुआ उपरोक्त क्रम में 24.03.2026 को मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने अभियुक्त राज कुमार उर्फ रज्जन पुत्र रामदीन निवासी छोटी बसोहनी थाना मंझनपुर को गिरफ्तार किया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया है।

## नाबालिक बालिका से छेड़खानी का अभियुक्त 10 वर्ष बाद अदालत से हुआ दंडित

**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के एक गांव में 10 साल पूर्व नाबालिग बालिका से छेड़खानी के अभियुक्त को 03 वर्ष कठोर कारावास एवं 5,000/ रुपए अर्थदण्ड की सजा अदालत ने सुनाई है दिनांक 14.03.2016 को थाना सराय अकिल थाना क्षेत्र की एक नाबालिक बालिका के साथ छेड़खानी की गई थी एवं विरोध करने पर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गयी थी थाना पर मु0अ0सं0 84/2016 धारा 354क/323/504/506 भादवि व 7/8 पॉक्सो एक्ट पंजीकृत हुआ जिसमें विवेचना के उपरान्त आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल हुआ जिससे सम्बन्धित अभियुक्त सदाब पुत्र अफाक अहमद निवासी युसुफपुर पुरखास थाना सराय अकिल के मुकदमे की सुनवाई करते हुए अदालत ने आरोपी को अपराध का दोषी पाया और दिनांक 24.03.2026 को न्यायालय स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट जनपद कौशाम्बी द्वारा अभियुक्त को 03 वर्ष कठोर कारावास व 5,000/ रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# न्यूज झरोखा

## जिलाधिकारी ने की सीएम डैशबोर्ड की योजनाओं इंडिकेटर्स की प्रगति की समीक्षा



**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने उदयन सभागार में सी.एम. डैशबोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं/ इंडिकेटर्स की प्रगति की समीक्षा की जिलाधिकारी ने विभाग वार समीक्षा के दौरान पीएम सूर्य घर योजना, स्वयं सहायता समूह, जल जीवन मिशन, फैमिली आईडी, 15वां वित आयोग (पंचायत) एवं नई सड़कों का निर्माण आदि में फरवरी माह की रैंकिंग में श्रेणी बी सी या डी प्राप्त होने पर कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि रैंकिंग में सुधार लाते हुए श्रेणी "ए" प्राप्त किए जाएं, अन्यथा संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाई की जाएगी।जिलाधिकारी ने दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति में श्रेणी "सी" प्राप्त होने पर कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी एवं जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी का वेतन रोकने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने विभागीय योजनाओं/इंडिकेटर्स की प्रगति की नियमित अनुश्रवण करते हुए रैंकिंग में सुधार लाना सुनिश्चित करें।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## लाखों की नकदी और जेवर उठा ले गए चोर



**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के गांव सभा लोंहदा के मजरा में एक घर को चोरों ने निशाना बनाते हुए लाखों रुपए नकदी और आभूषण चोरी कर ले गए हैं अचल सिंह पुत्र यशवंत सिंह निवासी गोपाल का पुरवा मजरे लोहदा ने सैनी कोतवाली को तहरीर देकर बताया कि उसके घर बीती रात अज्ञात चोरों ने पीछे के रास्ते या छत के रास्ते कमरे में घुस गए जहां रखी अलमारियों से 2 लाख 50 हजार नकद सोने के जेवरात उठा ले गए परिवार सुबह जब जागा तो अलमारी का सारा सामान बिखरा था जिसकी सूचना पुलिस को दी है मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई वहीं मनोज सिंह ने बताया कि 20 फरवरी को बहन की शादी और नवरात्रि के शनिवार को बहन का रवना था उसके भी आभूषण और रुपए उसी अलमारी में रखे थे, रवना होने से बहन अपने आभूषण और रुपए ले गई थी अन्यथा परिवार पर बड़ी समस्या हो जाती।

## रोजगार मेले में 1008 अभ्यथियों का प्राथमिक रूप से हुआ चयन



**कौशांबी।** प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उ.प्र. रोजगार मिशन के अन्तर्गत मंगलवार को जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा राजकीय महामाया महाविद्यालय के परिसर में एक दिवसीय बृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी ने प्रतिभागी अभ्यर्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अधिक से अधिक इस प्रकार के मेलों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया रोजगार मेले का परिचय राजीव यादव सहायक निदेशक, सेवायोजन प्रयागराज द्वारा दिया। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कंपनियों यथा सिद्धि इंफोनेट ने 12, रिया ग्लोबल ने 12 फिलपकार्ट ने 69, एडको ने 37, बजाज मोटर्स ने 38, के.एस.वेंचर्स ने 39, मैंगोज ऑरेंज ग्रुप ने 37, सेफ एक्सप्रेस प्रा०लि० ने 31. स्वीगी इंस्टामार्ट ने 18, बजाज कैपिटल ने 37, प्राइम कनेक्ट सर्विस ने 15, लावा मोबाइल ने 08, भारत सोलर ने 25. टाटा एनजी ने 53, मैट्रो लाइट ने 61, कृष्णा मारूति ने 145, गौतम सोलर ने 67, एस.आई. एस सिक्योरिटी ने 79 फियाम इण्डट्री ने 68, डिक्सन टेक्नालॉजी ने 40, सनडेन विकास ने 40, श्रीराम पिस्टन ने 57 तथा उत्कर्ष फाइनेंस ने 20 सहित मेले में कुल 1008 अभ्यर्थियों का प्राथमिक रूप से चयन किया।

## चाकवन चौराहे पर थाना प्रभारी ने सुरक्षा की दृष्टि से किया रूटीन पैदल गश्त



**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के अन्तर्गत चाकवन चौराहे पर थाना प्रभारी चन्द्रभूषण मौर्या ने अपने अधीनस्थ सहयोगियों के साथ मंगलवार की शाम आम लोगों में भयमुक्त वातावरण बनाने हेतु पैदल मार्च किया इस मौके पर उन्होंने कानून व्यवस्था का जायजा लिया और लोगों को भय मुक्त वातावरण में रहने की नसीहत दी पैदल मार्च के दौरान साथ में क्राइम इंस्पेक्टर विनय विक्रम सिंह व दरोगा शैलेन्द्र कुमार, दरोगा शाह आलम, सुरेश सिंह,सिपाही दीपक कुमार, विजय सिंह, जयवीर सिंह अनिकेत कुमार, देवेन्द्र कुमार, मोहित कुमार, साहबलाल व अन्य उपस्थित रहे।

## महिला की मौत का मुकदमा दर्ज होने के बाद बरामद हुई जिंदा

**कौशाम्बी।** पुलिस की तत्परता और तकनीकी जांच ने निदोष व्यक्ति को सजा होने से बचा लिया जिस महिला की हत्या का आरोप लगाकर उसके मायके वालों ने सनसनी फैला दी थी उसे महेवाघाट पुलिस ने हरियाणा के मानेसर से जिंदा बरामद कर लिया है एसपी राजेश कुमार ने इस पूरे घटनाक्रम का खुलासा करते हुए बताया कि महिला ने प्रेम प्रसंग के चलते घर छोड़ा था जबकि उसके पिता ने दहेज हत्या की झूठी कहानी रची थी महिला के लापता होने के बाद उसके पिता ने दामाद पर दहेज के लिए बेटी की हत्या करने और शव गायब करने का संगीन आरोप लगाया था मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एसपी राजेश कुमार ने विशेष टीमों का गठन किया पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस की मदद से महिला की लोकेशन ट्रैक की जो हरियाणा के इंडस्ट्रियल सेक्टर 7 मानेसर में मिली पुलिस की पूछताछ में महिला ने स्वीकार किया कि वह अपनी मजी से घर छोड़कर गई थी जांच में दहेज और हत्या के सभी आरोप पूरी तरह निराधार पाए गए इस खुलासे के बाद कोर्ट से आरोपी पति को बड़ी राहत मिली है एसपी ने बताया कि झूठी तहरीर देकर पुलिस को गुमराह करने और निदोष को फंसाने के मामले को गंभीरता से लिया गया है अब महिला के पिता भाई समेत चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और साजिश का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 23.03.2026 की रात्रि में थाना कौशाम्बी पुलिस क्षेत्र में गस्त चेकिंग कर रही थी की इसी दौरान प्रदीप कुमार पुत्र श्याम लाल पाल निवासी पनारा गोपालपुर थाना सराय अकिल को गिरफ्तार किया अभियुक्त की तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर, 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना कौशाम्बी पर मु0अ0सं0 46/2026 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत हुआ विधिक कार्यवाही के पश्चात गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

# बढ़ते सड़क हादसे, असुरक्षित सड़कें और अनसीखे सबक

## सम्पादकीय

### आत्मनिर्भर बन रही हैं केरल की महिलाएं

**कुछ** समय पहले में केरल गया था, और वहां के एक महिला समूह की गतिविधियों के बारे में जानने का मौका मिला था। आज के कॉलम में इस पर ही चर्चा करना चाहूंगा, जिससे इस तरह की पहल के बारे में जाना जा सके, और इस दिशा में कु छ काम किया जा सके। पश्चिमी घाट की पहाड़ियों से घिरा यह इलाका प्राकृतिक रूप से सम्पन्न है। यहां के जंगल हरे-भरे व विपुल वन संपदा से भरपूर हैं।

मौजूदा दौर में आत्मनिर्भर होने की सोच बहुत ही उपयोगी है। कुछ साल पूर्व कोविड और अब मध्य पूर्व में युद्ध के अवसर पर यह और भी प्रासंगिक है। कुछ समय पहले में केरल गया था, और वहां के एक महिला समूह की गतिविधियों के बारे में जानने का मौका मिला था। आज के कॉलम में इस पर ही चर्चा करना चाहूंगा, जिससे इस तरह की पहल के बारे में जाना जा सके, और इस दिशा में कु छ काम किया जा सके। पश्चिमी घाट की पहाड़ियों से घिरा यह इलाका प्राकृतिक रूप से सम्पन्न है। यहां के जंगल हरे-भरे व विपुल वन संपदा से भरपूर हैं। कु छ समय पूर्व मेरा इस इलाके में जाना हुआ था। इस दौरान में मैं त्रिचूर जिले में गया था, जहां हमें काडर आदिवासियों की उद्यमी पहल को देखने का मौका मिला था। शोरनूर से चालकुडी नदी तक का पूरा रास्ता जंगल का था। सुबह का समय था, आसमान साफ था। पक्की सड़क पर बस दौड़ रही थी, पर मेरी आंखें हरियाली पर टिकी थी। कभी हरियाली के बीच से छनकर धूप आ रही थी, कभी ऊंचे पेड़ों की छाया खिड़की पर आ रही थी। हरे-भरे पेड़, रबर और पाम के बगीचे, सड़कों के किनारे सुंदर घर, किचिन गार्डन, धान के खेत और छोटे-छोट कल-कल, छल-छल बहते झरने, नदी नाले सभी चलचित्र की तरह साथ चल रहे थे। नारियल व केले के पेड़ बहुत ही मनमोहक थे। पारंपरिक पोशाकों में स्त्री-पुरुष थे। ऐसा लग रहा था मानो पूरा त्रिचूर का जंगल मेरी खिड़की पर था। कुछ देर बाद हमारी बस रुकी और हम फारेस्ट पोस्ट संस्था के कार्यालय में दाखिल हुए। कार्यालय क्या था, वन उत्पादों की सुगंध से भरा एक छोटा कमरा था। हम करीब 25 लोग थे। हमारी मौजूदगी से कमरे में गरमी और उमस बढ़ गई थी।

पर्यावरणविद् मंजू वासुदेवन ने बतलाया कि जंगल आदिवासियों का घर है और वे उसे बहुत प्यार करते हैं। जंगल और नदी पर ही उनका जीवन निर्भर है। वे जंगल की निगरानी भी करते हैं। हालांकि वे पारंपरिक रूप से भी फल-सब्जियां और जड़ी-बूटियां बेचकर गुजारा करते हैं पर हमने उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए आर्थिक आमदनी बढ़ाने पर जोर दिया। गांवों में घूमते हुए हमारी सोच बनी कि जंगल के गांवों में रहकर ही उनकी आमदनी बढ़ाने के लिए कुछ करना चाहिए। इसके लिए महिला समूहों का गठन कर वनोपज से कुछ उत्पाद बनाना शुरू किया है। मंजू वासुदेवन आगे बतलाती हैं कि काडर, मलयार और मुथुवर आदिवासी सालों से केरल के चालकुडी और करुवन्नूर नदी के आसपास रहते हैं। उन्होंने शुरूआत में रिवर रिसर्च संस्था से जुड़कर काम किया, फिर यहीं की होकर रह गईं और अब आदिवासियों की आमदनी बढ़ाने के लिए वनोपज से उत्पाद बनाने के उद्यम में जुटी हैं।

**सुदीप लखटकिया**

**कई** सड़कें चिकनी और अच्छी तरह से बनी हुई हों लेकिन बिना किसी चेतावनी और बिना पर्याप्त व स्पष्ट संकेतकों के अचानक मोड़ (डाइवर्शन) बनाना, रुकावटें खड़ी करना या मरम्मत का काम शुरू कर देना जैसी गतिविधियां तेज रफ्तार से चलने वाले ट्रैफिक के लिए नए खतरे पैदा कर देता है। इसमें एक और बात जुड़ जाती है- खराब, गलत जगह पर लगे हुए या कम रोशनी वाले ट्रैफिक संकेतक।

भारत में सड़कों का नेटवर्क तेजी से बढ़ रहा है जिसने पूरे देश में सड़क परिवहन के परिदृश्य को बदलकर रख दिया है। देश में लगभग 1.5 लाख किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग हैं लेकिन यह आधुनिक बुनियादी ढांचा सड़क दुर्घटनाओं में पहले से कहीं अधिक लोगों की जान ले रहा है। नवीनतम आंकड़े हमें बताते हैं कि 2023 में भारत में 4.8 लाख सड़क दुर्घटनाओं में 1.72 लाख मौतें हुईं और 4.6 लाख से अधिक लोग जख्मी हुए। हमारे पास बेहतर सड़कें, बेहतर प्रवर्तन तकनीक और सख्त दंड हैं। इनके चलते दुर्घटनाएं कम होनी चाहिए लेकिन भारत में सड़कों पर मरने वालों की संख्या सड़क कवरेज में वृद्धि के लगभग सीधे आनुपातिक है जो सड़क दुर्घटनाओं को एक सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट के रूप में प्रस्तुत करती है। इस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। हम एक जटिल समस्या का सामना कर रहे हैं। हमारे पास तमाम जानकारी मौजूद है, डेटा मौजूद है लेकिन उससे कुछ सबक नहीं लिया जा रहा है। हम जानते हैं कि क्या गलत है लेकिन हमारे अनसीखे सबक का कारण मुख्य रूप से असुरक्षित सड़कें हैं।

सड़क सुरक्षा तब बिगड़ती है जब वाहन उपयोगकर्ता, पैदल चलने वाले और साथ ही सिस्टम का प्रबंधन करने वाले अधिकारियों का समुदाय सड़कों को सुरक्षित रखने के लिए सीखना और कार्य करना बंद कर देता है। सबूत-आधारित प्रवर्तन का धीरे-धीरे कम होना और संस्थागत सीख का अभाव, असुरक्षित कार्य-प्रणालियों के बने रहने को बढ़ावा देता है। इससे ऐसी संस्कृति पनपती है जो समय के साथ बदतर होती चली जाती है। इसमें सुरक्षा के साथ समझौता करने वाले लोग ही (यानी उपयोगकर्ता) सबसे ज्यादा भुगतते हैं और संभवतः सड़कों पर घायल होते हैं अथवा अपनी जान खो बैठते हैं।

सुरक्षा का एक पहलू सीधे तौर पर सरकार के नजरिये से जुड़ा है। जब सबूतों पर राजनीतिक दबाव हावी हो जाता है तो योजना बनाने वाले दुर्घटनाओं के आंकड़ों को नजरअंदाज कर देते हैं। वे नियमों के उल्लंघन को सामान्य मानने लगते हैं। समुदाय इन उल्लंघनों को स्वीकार कर लेता है और इसके बाद सड़कों पर बड़ी दुर्घटनाएं होने लगती हैं। यह विडंबना ही है कि भारत में सरकारों के पास 'सड़क दुर्घटनाओं' का भारी-भरकम डेटा तो मौजूद है, फिर भी अधिकारी इंजीनियरिंग, प्रवर्तन और सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़े मामलों को अलग-अलग हिस्सों में बांटकर देखते हैं। चुनावी कवरेज विशेष

इसलिए ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन के लिए पहला कदम कड़ी सजा लागू करना होना चाहिए। सड़क यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों, नियम भंग करने वालों को आर्थिक रूप से हतोत्साहित करने और भविष्य की प्रशासनिक व कानूनी कार्रवाई के लिए ट्रैफिक चालान रिकॉर्ड रखने का एक जरिया है। भारत में कानून लागू करने वाली एजेंसियों ने ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन को सटीक रूप से 'पहचानने' की अपनी क्षमता में काफी सुधार करने के साथ ही तुरंत चालान जारी करने की क्षमता भी बढ़ाई है। इसके बावजूद चालान की रकम या जुमार्ने की वसूली की गति, उल्लंघन को पहचानने की गति के साथ ताल-मेल नहीं बिठा पाई है। यही एक वजह है कि सड़कों पर अनुशासन और सड़क सुरक्षा को नुकसान पहुंचा है। कुछ शहरों में तो जुमार्ने की वसूली का आंकड़ा सिर्फ 5 प्रतिशत तक ही बताया जाता है। चालान का भुगतान न करने या देर से करने के मामले में 'बिल्कुल भी बर्दाश्त न करने' (जीरो टालरेंस) की नीति अपनाई जानी चाहिए। वसूल नहीं किए गए 'जुमार्नें' ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन को बढ़ावा देते हैं। कानून बनाने का उद्देश्य और उसकी गरिमा इसी बात में है कि उसे पूरी तरह से और सही भावना के साथ लागू किया जाए।



नियमों को लागू करने का 'आखिरी कदम' है तुरंत चालान काटना, जो जोखिम उठाने या खतरा पैदा करने वालों के लिए एक बड़ी रुकावट साबित होगा। इससे सड़कों पर चलने वाले सभी लोगों की सुरक्षा के लिए सड़क पर सही व्यवहार करने को बढ़ावा मिलेगा। नियम तोड़ने वालों के बीच समानता का भी एक सिद्धांत है- वे लोग जो तुरंत जुमार्ना भर देते हैं और वे लोग जो नहीं भरते। आदर्श रूप यही होगा कि नियम तोड़ने वाले हर व्यक्ति को जवाबदेह ठहराया जाए। ट्रैफिक पुलिस के डेटा के अनुसार 2025 में दिल्ली में निजी ड्राइवरों के खिलाफ लगभग 2.5 करोड़ और कमर्शियल ड्राइवरों के खिलाफ लगभग 20 लाख चालान लम्बित हैं। ये आंकड़े इस आम धारणा के विपरीत हैं कि कमर्शियल ड्राइवर बिना किसी डर के नियमों का उल्लंघन करते हैं। लगभग 3 करोड़ पेंडिंग मामलों में से तकरीबन एक तिहाई मामले तेज रफ्तार से वाहन चलाने के हैं और करीब 48 लाख मामले बिना अनुमति के पार्किंग के हैं। ये दोनों ही सड़क दुर्घटनाओं और उनमें होने वाली मौतों की दो मुख्य वजहें हैं। हाल ही में पुणे में एक हाई-प्रोफाइल सड़क दुर्घटना राष्ट्रीय सुर्खियों में आई तो अधिकारियों को यह पता चला कि दोषी के खिलाफ कई ट्रैफिक चालान पेंडिंग थे। यदि ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन का जुमार्ना अपराधी से समय पर ही भरवा लिया गया होता तो शायद कई जानें बचाई जा सकती थीं और यहां तक कि अपराधी और उसके परिवार को भी मानसिक आघात से बचाया जा सकता था। यह उस समस्या का समाधान करता है जिसे पुलिसिंग की भाषा में 'ब्रोकन विंडो सिंड्रोम' कहा जाता है। इस सिद्धांत के अनुसार, जब छोटी-मोटी अव्यवस्थाओं को ठीक नहीं किया जाता तो समय के साथ वह इलाका बड़े अपराधों का अड्डा बन जाता है। ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर जुमार्ना वसूलना स्पष्ट रूप से एक आसान काम है लेकिन यह राजनीतिक दबाव का शिकार हो रहा है। जमा होते जा रहे बकाया जुमार्ने को राजनेता एक तरह की 'खैरात' के तौर पर देखते हैं और इसलिए वे भुगतान में देरी की अनुमति दे देते हैं या फिर जुमार्ने को माफ या रद्द करवा देते हैं। इस संदर्भ में तेलंगाना सरकार का यह बयान स्वागत और समर्थन के योग्य है कि अब किसी भी तरह की 'माफी' नहीं दी जाएगी। अगर पूरे देश में यह एक नया चलन लागू हो जाता है तो इससे कई चिंताओं का समाधान होगा तथा एक महत्वपूर्ण संदेश जाएगा जिससे नियमों का उल्लंघन रुकेगा और परिणाम यह होगा कि दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी।

हालांकि जुमार्ना एक ऐसा पहलू हैं जिसे आसानी से ठीक किया जा सकता है लेकिन हमें कुछ जटिल आपसी जुड़ावों का भी अध्ययन करने की जरूरत है- जैसे ड्राइविंग टेस्ट का तरीका और ड्राइविंग लाइसेंस जारी करना, सड़कों का रख-रखाव, मरम्मत की गुणवत्ता, खराब ट्रैफिक इंजीनियरिंग और सड़कों पर संकेतक लगाना वगैरह। ये सभी सड़क सुरक्षा और पेशेवर ट्रैफिक प्रबंधन के लिए बहुत बड़ी चुनौतियां हैं। जरा सोचिए कि पूरे देश में ड्राइविंग लाइसेंस कितनी आसानी से जारी हो जाते है; या कह सकते हैं कि उन्हें लगभग खरीदा जा सकता है। जब आप एक गंभीर परीक्षा को नजरअंदाज कर देते हैं या उसका महत्व कम कर देते हैं तो फिर उस ड्राइविंग टेस्ट का क्या मतलब रह जाता है? इसके अलावा इस बात पर भी गौर करें कि भले ही कई सड़कें चिकनी और अच्छी तरह से बनी हुई हों लेकिन बिना किसी चेतावनी और बिना पर्याप्त व स्पष्ट संकेतकों के अचानक मोड़ (डाइवर्शन) बनाना, रुकावटें खड़ी करना या मरम्मत का काम शुरू कर देना जैसी गतिविधियां तेज रफ्तार से चलने वाले ट्रैफिक के लिए नए खतरे पैदा कर देता है। इसमें एक और बात जुड़ जाती है- खराब, गलत जगह पर लगे हुए या कम रोशनी वाले ट्रैफिक संकेतक। इन संकेतों को अनिवार्य, चेतावनी वाले या जानकारी देने वाले- इन तीन श्रेणियों में बांटा जाता है और जब हम इन सब बातों पर गौर करते हैं तो यह साफ नजर आता है कि इस पूरे सिस्टम को ही ऐसे बनाया गया है कि वह नाकाम हो जाए। हमें ऐसे समग्र समाधानों की जरूरत है जो पूरी वैल्यू चेन में काम कर सकें। एक ऐसा ही प्रयास जिसका जिक्र करना जरूरी है, वह है बीमा और चालान प्रणालियों के बीच प्रस्तावित जुड़ाव, एक ऐसी प्रणाली जिसमें ज्यादा चालान होने पर बीमा प्रीमियम भी अधिक हो जाएगा। इसके लिए निष्पक्ष और तकनीक-आधारित प्रवर्तन प्रणालियों को ठीक से लागू करने की जरूरत होगी जिसके तहत सैद्धांतिक रूप से यह संभव होगा कि नियम तोड़ने वाले हर व्यक्ति पर उसके द्वारा किए गए हर उल्लंघन के लिए जुमार्ना लगाया जा सके। बार-बार नियम तोड़ने पर ड्राइविंग लाइसेंस रद्द हो जाना चाहिए जैसा कि दुनिया के कई विकसित देशों में होता है। दुर्घटनाओं की ऊंची दर के साथ भारत एक विकसित राष्ट्र कदापि नहीं हो सकता। यह एक प्रमुख विकास सूचकांक है और इसे हमें भविष्य में तेजी से लेकिन सुरक्षित रूप से ड्राइव करने के लिए एक आधुनिक सड़क नेटवर्क के पूर्ण लाभ को आकर्षित करने की तरह देखना चाहिए।

## अवयस्क बेटी को पकड़ा दिया घायल पिता का रेफर लेटर

**अखंड भारत संदेश**

**सुल्तानपुर । मेडिकल** कालेज के डॉक्टर अक्सर हाथ खड़े कर मरीज को रेफर कर रहे हैं।आज कूरेभार थानाक्षेत्र के राघवपुर से आये एक बेसुध मरीज के मामले में भी यही हुआ। पिता इलाज के लिए बेसुध स्ट्रेचर पर पड़ा रहा।मरीज के हाथ में विगो और सिर पर गंभीर घाव बावजूद इसके अवयस्क किशोरी के हाथ में रेफर की पर्ची थमा कर नमस्ते कर लिया गया।किशोरी की माँ का निधन काफी पहले हो चुका है।बताया जाता है कि कूरेभार थान्तर्गत आज बंटवारे को लेकर पट्टीदारों ने पिता पर हमला कर दिया।घटना में घायल पिता को लेकर किसी तरह



बेटी जिले के मेडिकल कालेज लेकर भर्ती कराया। पिता को जानलेवा चोटें आईं हैं।बताया जाता है कि हमलावर लगातार चोटहिल की रेकी कर रहे हैं।इधर जिम्मेदार चिक्तिसको जिन्होंने शपथ पत्र दिया था कि प्राइवेट प्रैक्टिस नही करेंगे की टीम ने इलाज के लिए हाथ खड़े कर बच्ची को रेफर की पर्ची थमा दी।अब उसे अपने पिता को लेकर लखनऊ लेकर जाना होगा।पूछने पर अवयस्क किशोरी ने अपना नाम मुस्कान बताया,गावँ पूछा तो बताया "एस.सी" बताया, फिर पूछने पर उसने गावँ का नाम राघवपुर निवासी बताया।

ऐसी सूरत में अब पिता से ज्यादा अकेली बेटी की सुरक्षा चिंता का विषय है।उधर घटना के बाबत एसओ और सीओ को लंबे समय तक फोन मिलाया गया लेकिन फोन नही मिला।

## घनश्याम तिवारी हत्याकांड में कोर्ट ने दोषी अजय नारायण सिंह व दीपक सिंह को सुनाई उम्र-कैद की सजा।

**अखंड भारत संदेश**

**सुलतानपुर। बहुचर्चित** चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड में एडीजे प्रथम संध्या चौधरी की अदालत ने आज मंगलवार को दोषियो की सजा पर अपना फैसला सुनाया। जिसमे अदालत ने दोषी अजय नारायण सिंह व दीपक सिंह को उम्रकैद व अर्थदंड की सजा सुनाई है।कोर्ट ने दोषी अजय नारायण पर 1.20 लाख रुपए एवं दोषी दीपक पर लगाया 70 हजार रुपए का अर्थदंड दोनों दोषियो को अदालत ने सजा काटने के लिए जेल भेजने का आदेश दिया है। अभियोजन पक्ष से पैरवी कर रहे शासकीय अधिवक्ता पवन कुमार दूबे ने कहा कि उन्हें न्यायालय पर पूरा भरोसा था,पीड़ित परिवार के साथ न्याय जरूर होगा। कोर्ट के फैसले का सभी को इंतजार था,जो आ चुका है। कोतवाली नगर के शास्त्री नगर मोहल्ले की रहने वाली वादिनी निशा तिवारी ने 23 सितंबर 2023 की घटना बताते हुए अपने पति घनश्याम तिवारी की हत्या के आरोप में स्थानीय कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था।

## असम और पुडुचेरी में तेजी से बदल रहे हैं राजनीतिक समीकरण


**डॉ. ज्ञान पाठक**

**भाजपा** के लिए सबसे बड़ा फायदा दूसरी राजनीतिक पार्टियों से नेताओं का पाला बदलना रहा है। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता प्रद्युत बोरदोलोई ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया है, और भाजपा ने उन्हें टिकट भी दिया है। असम कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा भी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए, जिसे कई लोग राज्य की राजनीति में एक बड़ा बदलाव मान रहे हैं।

चुनाव वाले चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में से असम और पुडुचेरी में ही एनडीए की सरकार है। यहां भाजपा एनडीए को और मजबूत बनाने के लिए बहुत सक्रिय है। वह दूसरी राजनीतिक पार्टियों या उनके नेताओं को गठबंधन में या सीधे भाजपा में शामिल कराने की कोशिश कर रही है। विपक्ष के कई नेताओं ने एनडीए और भाजपा का दामन थामा है, जिससे ये पार्टियां और मजबूत हुई हैं। लेकिन, कुछ अहम नेता और पार्टी के एनडीए छोड़ने से भाजपा नेतृत्व के लिए असम और पुडुचेरी-जहां 9 अप्रैल को चुनाव होने हैं - दोनों जगहों पर नई मुश्किलें भी खड़ी हो गई हैं।

एक अहम घटनाक्रम में, यूपीपीएल ने 17 मार्च को सीटों के बंटवारे को लेकर हुए विवाद के चलते एनडीए छोड़ दिया। पार्टी ने अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान किया है और वह बोडोलैंड टेरिटोरियल रीजन (बीटीआर) और उसके बाहर भी अपने उम्मीदवार उतारेगी। इस पार्टी के अलग होने का महत्व इसलिए ज्यादा है, क्योंकि बोडोलैंड को 'किंगमेकर' (सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाने वाला) इलाका माना जाता है, जहां विधान सभा की 15 सीटें हैं। इस इलाके में चलने वाली राजनीतिक हवा का असर पूरे असम के चुनावी माहौल पर भी पड़ता है। यूपीपीएल 2020 से ही एनडीए में भाजपा की एक अहम सहयोगी पार्टी रही है। 2021 के चुनावों में इसने 6 सीटें जीती थीं, जिससे 126 सीटों वाली विधानसभा में एनडीए की कुल सीटों की संख्या 75 हो गई थी।

भाजपा ने बोडोलैंड पीपल्स फ्रंट (बीपीएफ) को एनडीए में शामिल करके इस नुकसान की भरपाई करने की कोशिश की है। यहां यह बताना जरूरी है कि बीपीएफ पहले



'महाजोत' का हिस्सा थी, जो राष्ट्रीय स्तर पर 'इंडिया' ब्लॉक का ही एक रूप है। 2021 के चुनावों में इस पार्टी को 8 सीटों का नुकसान हुआ था और वह सिर्फ 4 सीटें ही जीत पाई थी। माना जा रहा है कि अपना जनाधार कमजोर पड़ने के कारण बीपीएफ ने खुद को फिर से खड़ा करने के लिए एनडीए का हाथ थामा है, यह अलग बात है कि बीटीआर चुनावों में उसने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। अभी यह कहना मुश्किल है कि इस कदम से इंडिया ब्लॉक को कितना नुकसान पहुंचेगा या भाजपा को इससे कितना फायदा होगा। अब एनडीए में तीन राजनीतिक पार्टियां शामिल हैं - भाजपा, एजीपी, और बीपीएफ।

नवंबर 2025 में, 'असम सोनमिलित मोर्चा' (एएसएम) को फिर से सक्रिय किया गया। इस मोर्चे को बनाने के लिए 8 राजनीतिक पार्टियों ने हाथ मिलाया था, ताकि वे भाजपा और एनडीए के खिलाफ मिलकर चुनाव लड़ सकें। हाल ही में, इसी महीने में, 'रायजोर दल' नाम की एक और पार्टी एएसएम से अलग हो गई, यानी इंडिया ब्लॉक से बाहर हो गई। इस तरह, एएसएम में अब छह राजनीतिक पार्टियां हैं -कांग्रेस, असम जातीय परिषद (एजेपी), सीपीआई(एम), ऑल पार्टी हिल लीडर्स कॉन्फ्रेंस, सीपीआई (एमएल) एल और जेएमएम।

चुनाव मैदान में अन्य महत्वपूर्ण राजनीतिक पार्टियां भी हैं- एआईयूडीएफ, टीएमसी, सीपीआई, आप और एनपीपी। यह ध्यान देने वाली बात है कि आप ने शहरी इलाकों में अपनी पकड़ मजबूत की है, और दिल्ली शराब घोटाला मामले में सीबीआई की विशेष अदालत द्वारा आप के नेताओं को बरी किए जाने के बाद, असम में पार्टी के कार्यकताओं का मनोबल काफी बढ़ गया है। आप ने अब तक 20 सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। एआईयूडीएफ का भी कुछ खास इलाकों में काफी मजबूत जनाधार है, और उसने अब तक 21 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है। कांग्रेस पार्टी समाचार

भाजपा के लिए सबसे बड़ा फायदा दूसरी राजनीतिक पार्टियों से नेताओं का पाला बदलना रहा है। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता प्रद्युत बोरदोलोई ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया है, और भाजपा ने उन्हें टिकट भी दिया है। असम कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा भी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए, जिसे कई लोग राज्य की राजनीति में एक बड़ा बदलाव मान रहे हैं। इसी महीने की शुरूआत में, कांग्रेस के तीन मौजूदा या निलंबित विधायकों ने भाजपा का दामन थाम लिया। यह कांग्रेस की अंदरूनी कमजोरी की ओर इशारा करता है। दूसरी पार्टियों से भी नेताओं के पाला बदलने के संकेत मिल रहे हैं, जैसे कि एआईयूडीएफ से कुछ लोगों का भाजपा के पक्ष में आना। हाल ही में हुए राज्यसभा चुनावों के दौरान, एआईयूडीएफ के तीन विधायकों ने यूपीपीएल के उम्मीदवार का समर्थन किया था, जो अब एनडीए से अलग हो चुकी है। एआईयूडीएफ ने एनडीए उम्मीदवार का समर्थन करने वाले अपने दो विधायकों को निलंबित कर दिया है।

कुछ मौजूदा या पूर्व भाजपा नेताओं ने भी अपनी निष्ठा बदलकर कांग्रेस का दामन थाम लिया है, लेकिन ऐसे मामले बहुत कम हैं।

केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी की बात करें तो, मुख्यमंत्री एन. रंगास्वामी की पार्टी 'ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस' एनडीए से अलग होने के संकेत दे रही है।

## भदोही में निर्माण कार्यों पर डीएम सख्त, गुणवत्ता और समयबद्धता पर दिया जोर

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** जिले में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों को लेकर जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने सख्त रुख अपनाया है। मंगलवार को उन्होंने कई परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि किसी भी स्थिति में गुणवत्ता से समझौता न किया जाए और सभी कार्य तय समयसीमा में पूरे हों।

निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने क्रिटिकल गैप योजना के तहत हो रहे चारदीवारी निर्माण का जायजा लिया। उन्होंने कर्मचारियों के आवास के पास स्थित भूमि को



समतल कर साफ-सुथरा और व्यवस्थित वातावरण बनाने के निर्देश दिए।

इसके बाद चकबंदी कार्यालय पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय को अधिक व्यवस्थित और कार्य के अनुकूल बनाने पर जोर दिया।

चकबंदी न्यायालय कक्ष में बैठने की समुचित व्यवस्था, केबिन, अलमारी, कुर्सियों और प्रकाश व्यवस्था को बेहतर करने के निर्देश दिए, ताकि कार्य सुचारु रूप से संचालित हो सके।

## आलोक प्रताप सिंह दर्जनों समर्थकों के साथ सुभासपा में हुए शामिल

**अखंड भारत संदेश**

**सुलतानपुर। विकासखंड** दुबेपुर क्षेत्र के ग्राम सभा धम्मौर के रमैय्यापुर गांव में आयोजित सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के सदस्यता अभियान में आलोक प्रताप सिंह का प्रभाव साफ तौर पर देखने को मिला। उनके नेतृत्व में भाई रणबीर प्रताप सिंह समेत दर्जनों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली, जिससे क्षेत्रीय राजनीति में उनका कद और मजबूत हुआ है।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय महासचिव



अरविंद राजभर की मौजूदगी में हुए इस सदस्यता अभियान ने स्थानीय स्तर पर नई राजनीतिक हलचल पैदा कर दी है। आलोक प्रताप सिंह की अगुवाई में बड़ी संख्या में लोगों का पार्टी से जुड़ना उनके बढ़ते जनाधार का संकेत माना जा रहा है।

## मार्च के भीतर सभी योजनाएं पूरी करने का आदेश, बीडीओ ने ली प्रगति की समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर । जनपद** के मंगलवार, 24 मार्च को खंड विकास कार्यालय मुहम्मदाबाद के सभागार में एक अहम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी यशवंत राव ने की, जिसमें क्षेत्र के सभी ग्राम सचिव शामिल हुए।

बैठक के दौरान बीडीओ ने निर्देश दिया कि केंद्र और राज्य सरकार की सभी महत्वपूर्ण योजनाओं को मार्च माह के अंत तक हर हाल में पूरा किया जाए। उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता पर विशेष जोर देते हुए स्पष्ट किया कि किसी





भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

इस दौरान गांवों में चल रहे विकास कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। ग्राम सचिवों से उनके क्षेत्रों में संचालित योजनाओं की स्थिति, प्रगति और शेष कार्यों की जानकारी ली गई। साथ ही कार्यों में तेजी लाने और अधिक से अधिक लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में सहायक विकास अधिकारी (ग्राम विकास) संजय कुमार सिंह, लेखाकार नीरज कुमार सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समयसीमा में लक्ष्यों को पूरा करने के निर्देश दिए गए।

बैठक का समापन ग्रामीण विकास कार्यों को गति देने और तय समय में योजनाओं को पूरा करने के संकल्प के साथ हुआ।

## चैत्र नवरात्र व रामनवमी की तैयारियां तेज, 27 मार्च को निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज (भदोही)। चैत्र** नवरात्र और रामनवमी के पर्व को लेकर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है। पर्व की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं और पूरा क्षेत्र भगवा रंग में रंगा नजर आ रहा है। सड़कों, गलियों और मकानों पर केसरिया ध्वज लहराने लगे हैं, वहीं तोरण द्वारों से नगर को आकर्षक रूप से सजाया गया है।

सुप्रभातम् प्रचार समिति की ओर से इस वर्ष भी भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा 27 मार्च (शुक्रवार) को निकाली जाएगी। इसके लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। शोभायात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

नवरात्र के अवसर पर नगर के



प्रमुख देवी मंदिरों में भजन-कीर्तन और दुर्गा सप्तशती पाठ का आयोजन किया जा रहा है। मंदिरों को फूल-मालाओं और आकर्षक झालरों से सजाया गया है। वहीं, अस्थायी दुकानों पर पूजन सामग्री की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। शोभायात्रा से पूर्व नगर के सदर मोहल्ला में भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव की भव्य झांकी सजाई जाएगी। इसके अलावा प्राचीन दुर्गा माता मंदिर, चौरा माता, बंबा देवी, काली माता।

# प्रभारी मंत्री मनोहर लाल मन्नू कोरी ने की विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** राज्यमंत्री, श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उत्तर प्रदेश तथा जनपद के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल कोरी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

प्रभारी मंत्री ने विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए कि जले हुए ट्रांसफार्मरों को सरकारी गाइडलाइन के अनुरूप तत्काल बदला जाए और रोस्टर के अनुसार निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। भाजपा जिलाध्यक्ष की सुझाव पर उन्होंने सरकारी दफ्तरों और आवासों में स्मार्ट मीटर लगाने की बात कही। जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए मंत्री ने निर्देशित किया कि पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़कों के बीच में खुदाई न करके किनारे से खुदाई की जाए, ताकि आवागमन बाधित न हो। जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन से संबंधित आईजीआरएस शिकायतों के त्वरित निस्तारण के आदेश दिए।

बैठक में अधिशासी अभियंता (ग्रामीण अभियंत्रण) की अनुपस्थिति पर मंत्री ने गहरी नाराजगी व्यक्त की और उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि समीक्षा बैठकों में विभागाध्यक्ष स्वयं उपस्थित हों, अपने सहायकों को न भेजें। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही बरतने वाले विभागों के विरुद्ध मुख्यमंत्री स्तर से कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

रसिन बांध के क्षेत्र के अवशेष लाभार्थियों की समस्याओं के समाधान के लिए सिंचाई विभाग एवं राजस्व विभाग को समन्वय बनाकर समिति गठित करने को कहा गया। सहायक श्रमायुक्त को पात्र लाभार्थियों को बिना विलंब सरकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए निर्देशित किया गया। मंत्री ने जानकारी दी कि सरकार ने मनरेगा कार्य दिवसों को 100 से बढ़ाकर 125 दिन कर दिया है, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए मील का पत्थर है। पुलिस अधीक्षक ने अवगत कराया कि जनपद में जघन्य अपराधों में कमी आई है और गृह भेदन जैसी समस्याओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा रहा है। प्रभारी मंत्री ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि सीएम डैशबोर्ड पर अपनी रैंकिंग में सुधार करें और ए ग्रेड बनाए रखें।

कार्यक्रम के अंत में प्रभारी मंत्री ने चिकित्सालय के एक्स-रे विभाग में आउटसोर्सिंग के माध्यम से नियुक्त तीन एक्स-रे टेक्नीशियन को प्रमाण पत्र वितरित किए।

जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने मुख्य अतिथि एवं अन्य जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि प्राप्त दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों को एक जनपद एक उत्पाद के स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिलाधिकारी पुलकित गर्ग, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, अध्यक्ष डिस्ट्रिक्ट को ऑपरेटिव बैंक पंकज अग्रवाल सहित अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण मौजूद रहे।

## जिला जज ने किया राजकीय किशोर संप्रेक्षण गृह का औचक निरीक्षण

**चित्रकूट।** उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति इलाहाबाद के निर्देशन में मंगलवार को शेषमणि शुक्ला जनपद न्यायाधीश द्वारा राजकीय किशोर सम्प्रेक्षण गृह का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान, इला चैधरी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मौजूद रहे। जनपद न्यायाधीश द्वारा सम्प्रेक्षण गृह में आवासित किशोर अपचारियों से उनकी दिनचर्या के विषय में जानकारी प्राप्त की गयी। जिसमें बाल अपचारियों द्वारा बताया गया कि सर्वप्रथम प्रातः जागकर योगा कराया जाता है, फिर नाश्ता, उसके बाद कक्षायें शुरू हो जाती हैं। इसके बाद दोपहर का भोजन उसके बाद फिर डांस, म्यूजिक, संगीत आदि कक्षायें शुरू होती हैं।

न्यायाधीश द्वारा समस्त बाल अपचारियों को शिक्षा की ओर ध्यान केन्द्रित किए जाने के लिए प्रेरित किया गया तथा यह प्रेरणा दी गयी कि वह उनके द्वारा की गयी गलतियों को सुधारने एवं समाज में एक अच्छे व्यक्ति बनकर रहने के लिए प्रेरणा दी गयी। निरीक्षण के दौरान संबन्धित शिक्षकों को निर्देशित किया गया कि वे विशेष तकनीकि माध्यम से बाल अपचारियों को अंग्रेजी भाषा पढना, लिखना एवं बोलना सिखाने के लिए विशेष प्रयास करना सुनिश्चित करें। साथ ही साथ वहां पर शिक्षण का कार्य कर रहे अध्यापकों को प्रत्येक बाल अपचारी की हालिस्टिक डेवलप्मेंट रिपोर्ट बनाने के लिये तथा बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखने की सलाह दी गयी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव इला चैधरी द्वारा बाल अपचारियों से उनके परिवार वाले मिलाई के लिये आते या नहीं, की जानकारी प्राप्त की गयी। जिस पर किशोर अपचारियों द्वारा अवगत कराया गया कि परिवार वाले निरन्तर मिलाई करने आते हैं तथा फोन से भी बात करायी जाती है। सचिव द्वारा उनके मुकदमें की पैरवी के विषय में जानकारी प्राप्त की गयी तथा यह अवगत कराया गया कि यदि किसी बाल अपचारी के मुकदमें की पैरवी के लिए अधिवक्ता न हो या अधिवक्ता करने में सक्षम न हो तो वह अपने मुकदमें की पैरवी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर अरविन्द कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी, विदिशा भूषण न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम, बीर सिंह संस्था प्रभारी राजकीय सम्प्रेक्षण गृह, अर्चना श्रीवास्तव सदस्य, दीपक कुमार काउन्सलर आदि मौजूद रहे।

## जिला अस्पताल को राष्ट्रीय स्तर पर विकसित करने के लिए तैयार किया व्यापक कार्ययोजना

**चित्रकूट।** जनपद के जिला अस्पताल को राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित करने के उद्देश्य से एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। वर्तमान में अस्पताल में प्रतिवर्ष लगभग 2500 प्रसव तथा लगभग 150 सीजेरियन ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न किए जा रहे हैं। गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए डिलीवरी एवं सीजेरियन कक्षों का उन्नयन तथा राष्ट्रीय स्तर के प्रमाणन के लिए आवश्यक कार्य किए जा रहे हैं। ओपीडी में प्रतिदिन बढ़ती मरीज संख्या को ध्यान में रखते हुए रिसेप्शन लॉबी, वेटिंग एरिया एवं ओपीडी काउंटर का विस्तार एवं उच्चीकरण किया जा रहा है, जिससे लगभग 250 मरीजों के बैठने एवं सुव्यवस्थित सेवा प्राप्त करने की व्यवस्था सुनिश्चित होगी।

अस्पताल में संक्रमण नियंत्रण के राष्ट्रीय मानकों को पूर्ण करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुदृढ़ की जा रही हैं। साथ ही, नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। हड्डी रोग से संबंधित जटिल एवं गंभीर मामलों के उपचार के लिए अस्पताल में आधुनिक सी-आर्म मशीन स्थापित की जा रही है, जिससे ऑपरेशन के दौरान हड्डियों की सटीक स्थिति का अवलोकन संभव होगा और उपचार की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार आएगा।

अस्पताल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए बाउंड्री वॉल का निर्माण भी कराया जा रहा है। इन सभी पहल के अंतर्गत जिला अस्पताल को राष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं से युक्त बनाने के लिए मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर की स्थापना का कार्य भी प्रस्तावित है। इस दिशा में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के मार्गदर्शन में सतत एवं प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपदवासियों को बेहतर, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## ग्रामोदय विश्वविद्यालय में कौशल विकास प्रशिक्षण के 7 नए पाठ्यक्रमों का शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय में मंगलवार को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत 7 नए रोजगारपरक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में चित्रकूट मध्य प्रदेश के विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार, व विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. हर्ष बर्धन सिंह तोमर, इग्नू दिल्ली मौजूद रहे।

सुरेन्द्र गहरवार ने अपने संबोधन में कहा कि मानव विकास में शिक्षा के साथ-साथ कौशल का विशेष महत्व है। आने वाले समय में वही व्यक्ति अधिक मूल्यवान होगा जिसके पास हुनर होगा। उन्होंने भारत रत्न राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने चित्रकूट जैसे पिछड़े एवं आदिवासी क्षेत्र में ग्रामोदय विश्वविद्यालय की स्थापना कर ग्रामीण विकास की अनूठी नींव रखी। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय गांव और ग्रामीण जनजीवन के समग्र विकास के उद्देश्य से स्थापित विश्व का एक विशिष्ट संस्थान है, जहां सैद्धांतिक शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान पर विशेष बल दिया जाता है।

गहरवार ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कृषि, डेयरी, इंजीनियरिंग आदि क्षेत्रों के व्यावहारिक पक्षों पर प्रकाश डाला और कहा कि छात्र-छात्राएं अपनी शिक्षा एवं कौशल का उपयोग न केवल अपने कैरियर निर्माण में करें, बल्कि गांवों के विकास में भी योगदान दें। उन्होंने विभिन्न देशों के वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और समाजसेवियों के अनुभवों का उल्लेख करते हुए नवाचार और कौशल की महत्ता पर बल दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु प्रो. आलोक चैबे ने कहा कि सच्चा धर्म और सच्चा कर्म कभी नष्ट नहीं होता। उन्होंने विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलाधिपति भारत रत्न राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए कहा कि इस संस्थान की आत्मा में उनके विचार और आदर्श समाहित हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामोदय विश्वविद्यालय प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश के चुनिंदा उत्कृष्ट शिक्षण संस्थानों में अपना विशिष्ट स्थान रखता है।

प्रो. चैबे ने आगे कहा कि कला विषय सोच और कल्पना को विकसित करता है, विज्ञान विषय खोज की दिशा देता है तथा इंजीनियरिंग विषय ज्ञान के व्यावहारिक उपयोग को सशक्त बनाता है। कौशल शिक्षा इन सभी का समन्वित रूप है, जो विद्यार्थियों को प्रायोगिक ज्ञान प्रदान करती है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे रुचि और समर्पण के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर इस अवसर का पूर्ण लाभ उठाएं तथा अन्य युवाओं को भी इससे जुड़ने के लिए प्रेरित करें।

कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और अतिथियों सम्मान के साथ हुआ। अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के अधिष्ठाता और कुलसचिव प्रो आञ्जनेय पांडेय ने स्वागत उद्बोधन में ग्रामोदय विश्वविद्यालय की प्रगति एवं संचालित कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। डॉ गोविन्द सिंह भदौरिया ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्य, औचित्य और उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी। अधिष्ठाता प्रबंधन संकाय प्रो. अमर जीत सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

इसके पूर्व पाठ्यक्रम परिचय सत्र में सेवानिवृत्त सहायक निदेशक इं राजेश सिंहा ने रेगुलर पाठ्यक्रम के साथ साथ हुनर की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी। डॉ. उमेश कुमार शुक्ला ने कृषि कौशल, इं अश्विनी दुग्गल ने फूड टेक्नोलॉजी, डॉ. गोविन्द सिंह ने पंजीकरण प्रक्रिया, डॉ. शिव शंकर सिंह ने नर्सरी, इं. धर्मेंद्र मिश्रा और महेश कुमार सेन ने कक्षा सारणी के संबंध में जानकारी दी।

## नीति आयोग द्वारा आकांक्षात्मक ब्लॉक रामनगर की उपलब्धि के लिए जिलाधिकारी सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा संचालित सम्पूर्णता अभियान (जुलाई-सितंबर 2024) के अंतर्गत विकास खंड रामनगर में विकास के विभिन्न मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए जिलाधिकारी को मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है। यह सम्मान कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रदान किया गया।

मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रेषित पत्र के अनुसार, आकांक्षात्मक विकास खंड रामनगर ने निर्धारित 6 प्रमुख संकेतकों में से 4 संकेतकों में 100 प्रतिशत सफलता प्राप्त की है।

जिसमें गर्भवती महिलाओं का प्रथम त्रैमास में प्रसव पूर्व पंजीकरण, लक्षित जनसंख्या की मधुमेह के लिए स्क्रीनिंग, लक्षित जनसंख्या की उच्च रक्तचाप के लिए स्क्रीनिंग व मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण शामिल है।

इसके अतिरिक्त, अनुपूरक पोषण और स्वयं सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फंड उपलब्ध कराने की दिशा में भी ब्लॉक ने सराहनीय प्रगति की है। जिलाधिकारी ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं फ्रंटलाइन वर्कर्स के अथक प्रयासों की सराहना की। इसी क्रम में उन्होंने वर्तमान में संचालित सम्पूर्णता अभियान 2.0 की प्रगति की समीक्षा की। यह द्वितीय चरण 14 अप्रैल तक संचालित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए हैं कि पूर्व की भांति इस चरण में भी जनपद के समस्त चयनित आकांक्षात्मक ब्लॉकों को सभी निर्धारित मानकों पर शत-प्रतिशत संतृप्त किया जाए, ताकि जनपद के सर्वांगीण और सतत विकास को सुनिश्चित किया जा सके।

## विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में चयनित 2 छात्र गुजरात के लिए रवाना

**चित्रकूट।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीके शर्मा ने बताया कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा, उत्तर प्रदेश के अनुपालन में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के अनुमोदन के क्रम में जनपद स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में चयनित 2 श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सुधा कक्षा 7 उच्च प्राथमिक विद्यालय इटौरा पहाड़ी एवं सिजय कक्षा 6, कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय मानिकपुर। उक्त दोनो छात्र-छात्राओं को राज्य के बाहर 4 दिवसीय एक्सपोजर विजिट गुजरात गांधीनगर के लिए हवाई जहाज द्वारा कराया जा रहा है।

## भूदान के 75 वर्ष ग्राम स्वराज और जल संरक्षण का संदेश लेकर मुख्यालय पहुंचे

**चित्रकूट।** संत विनोबा भावे की ऐतिहासिक भूदान यज्ञ पदयात्रा के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विनोबा सेवा आश्रम, शाहजहांपुर के लोक सेवक रमेश भैया और विमला बहन सोमवार को चित्रकूट पहुंचे। रामघाट पर सर्वोदय सेवा आश्रम के कार्यकताओं और स्थानीय समाजसेवियों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर रमेश भैया ने बताया कि यह विशेष यात्रा विनोबा भावे के ब्रह्म विद्या मंदिर आश्रम से शुरू होकर हैदराबाद के उस गांव तक जाएगी, जहां से भूदान यज्ञ का श्रीगणेश हुआ था। उन्होंने याद दिलाया कि जून 1952 में विनोबा भावे चित्रकूट आए थे और बेड़ी पुलिया स्थित आश्रम में रुककर समानता का संदेश दिया था। उन्होंने तब स्पष्ट कहा था। कि राम काज कीन्हे बिनु मोहि कहां विश्राम। विनोबा का मंत्र जय जगत और लक्ष्य विश्व शांति था, जिसे आज के दौर में पुनः जन-जन तक पहुँचाना अनिवार्य है। कार्यक्रम में लोक सेवक अभिमन्यु भाई ने वर्तमान भूमि संकट पर चिंता जताते हुए कहा कि आज नए स्वरूप के जमींदार पैदा हो रहे हैं, जिससे छोटे किसान अपनी जमीनें खो रहे हैं। केवल 10 प्रतिशत लोगों के पास अधिकांश संसाधन केंद्रित हो गए हैं। चित्रकूट की जल धरोहरों, विशेषकर मंदाकिनी और सरयू नदियों की बदहाली पर दुख जताते हुए उन्होंने कहा कि जल के अभाव में सबसे अधिक महिलाएं और बच्चे प्रभावित हो रहे हैं। आज जब विश्व क्रूड ऑयल और भविष्य में जल के लिए युद्ध की आशंका से घिरा है, तब गांधी और विनोबा की अहिंसा ही एकमात्र मार्ग है।

स्वागत करने वालों में मनोहर वर्मा, हीरा भाई, शंकर दयाल पयासी, और अरुण कुमार गुप्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने जय जगत के उद्घोष के साथ यात्रा की सफलता की कामना की।

## पाठा क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन तीसरे दिन भी लगातार जारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जनपद मुख्यालय अंतर्गत एलआईसी कार्यालय के सामने स्थित शहीद स्मारक पार्क में आमजनमानस के तत्वाधान में युवा समाजसेवी रोहित सिंह पटेल के नेतृत्व में पाठा क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में तीसरे दिन भी लगातार बैठे रहे।

यह अनशन 22 मार्च से प्रारंभ है, जिसमें क्षेत्र के अनेक क्रांतिकारी साथी एवं सामाजिक कार्यकर्ता निरंतर बैठे हुए हैं। अनशन का मुख्य उद्देश्य जनपद में व्याप्त गंभीर समस्याओं शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल एवं बिजली के समाधान के लिए शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित करना है।

अनशन में बैठे लोगों का कहना है कि इतने दिनों के बाद भी किसी भी प्रशासनिक अधिकारी द्वारा इस गंभीर मुद्दे पर अब तक कोई संज्ञान नहीं लिया गया है, जिससे आंदोलनकारियों एवं आमजनस में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

आंदोलन कर रहे युवाओं ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही उनकी मांगों पर कोई ठोस एवं सकारात्मक कार्यवाही नहीं की गई, तो अनशन के पांचवें दिन से इसे आमरण अनशन में परिवर्तित कर दिया जाएगा। साथ ही, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि शांतिपूर्ण तरीके से मांगें पूरी न होने की स्थिति में आंदोलन को और अधिक व्यापक एवं उग्र रूप दिया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

इस मौके पर समाजसेवी लवकुश कुमार भारती, समाजसेवी युवा बसपा नेता सुनील सिंह पटेल, समाजसेवी नंदलाल सिंह आजाद, धनराज पटेल, आलोक पटेल ,कमल पटेल समाजसेवी धर्मेन्द्र कुमार, रिंकी वर्मा, भास्कर, अजय चंचल रैपुरा, अमरीश पटेल अंकित पटेल शिवजतन, बृजेश रावत, सुशीला वर्मा, चुनकी, मंजू देवी रामनरेश वर्मा सहित सैकड़ों समर्थक मौजूद रहे।

## 27 को रहेगा अवकाश

**चित्रकूट।** जनपद न्यायाधीश शेषमणि ने बताया कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में रामनवमी अवकाश 26 मार्च के स्थान पर 27 मार्च शुक्रवार को रामनवमी सार्वजनिक अवकाश घोषित करते हुए 26 मार्च को न्यायिक कार्य के लिए सभी जिला न्यायालय खोले जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके अनुपालन में 27 मार्च को इस न्यायिक अधिष्ठान के बाह्य न्यायालय मऊ, ग्राम न्यायालय मानिकपुर सहित सभी न्यायालय में अवकाश रहेगा तथा 26 मार्च बृहस्पतिवार को इस न्यायिक अधिष्ठान के वाह्य न्यायालय सहित सभी न्यायालय न्यायिक कार्य के लिए खोले जाएंगे।

## अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी टीम की कार्यवाही, बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त और लहन नष्ट

**चित्रकूट ।** आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार एवं जिलाधिकारी के कुशल निर्देशन में जनपद में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में आबकारी विभाग की टीम द्वारा थाना कर्वी के अंतर्गत तरी मोहल्ला सीतापुर में संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दी गई तथा संदिग्ध स्थलों की सघन तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान लगभग 200 किलोग्राम लहन बरामद किया गया, जिसे मौके पर ही विधिपूर्वक नष्ट कर दिया गया। साथ ही दबिश के दौरान 30 लीटर अवैध शराब जब्त कर मौके से 4 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए जिनके विरुद्ध संयुक्त प्रांत आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किए गए हैं। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि जनपद में अवैध मदिरा के व्यापार में संलिप्त तत्वों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कठोर कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## लेखन व विचारों से युवाओं को आज भी दिशा दे रहे हैं भगत सिंह : अमित

**चित्रकूट।** जिले में 23 मार्च को शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव का शहादत दिवस जोश और विचारों की ऊर्जा के साथ मनाया गया। अखिल भारतीय नौजवान सभा के तत्वाधान में कर्वी स्थित कचहरी परिसर में आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने शहीदों के विचारों को आज के दौर में और अधिक प्रासंगिक बताया। अध्यक्षता पूर्व विधायक कामरेड रामप्रसाद सिंह ने की, जबकि मुख्य वक्ता सीपीआई जिला सचिव अमित यादव ने कहा कि भगत सिंह ने मात्र 23 वर्ष की उम्र में देश के लिए हंसते-हंसते बलिदान दिया और अपने लेखन व विचारों से युवाओं को आज भी दिशा दे रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि शहीदों के सपनों का भारत तभी बनेगा जब नौजवान उनके आदर्शों पर चलेंगे और अन्याय व साम्राज्यवाद के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। कार्यक्रम में कई वक्ताओं ने भी अपने विचार रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# भगवान शिव द्वारा माता पार्वती को सुनाई गई रामकथा सुन श्रोतागण हुए राममय

### मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास ने कराया रामकथा का रसपान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट ।** पूज्य संत रणछोड़ दास महाराज के कर कमलों से जानकीकुंड में स्थापित रघुवीर मंदिर ट्रस्ट बड़ी गुफा के तत्वाधान में विद्याधाम विद्यालय प्रांगण में चल रही नौ दिवसीय रामकथा में वृंदावन से पधारे मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास महराज द्वारा राम कथा का रामभक्तो को रसपान कराया जा रहा है। कथा के पांचवे दिन सर्वप्रथम सदगुरू सेवा संस्थान के ट्रस्टी एवं संस्थान के अध्यक्ष विशद भाई मफतलाल की धर्म पत्नी रूपल बहन ने रामकथा की पोथी और महराज का पूजन अर्चन किया। इसके बाद महराज ने अपनी मधुर, वाणी से आए कथा श्रोताओं को भगवान शिव द्वारा माता पार्वती को सुनाई गई।



रामकथा प्रसंग का रसपान कराते हुए बताया कि एक बार माता पार्वती ने भगवान शिव से पूछा कि श्रीराम कौन हैं और उनका वास्तविक स्वरूप क्या है। तब भगवान शिव ने माता पार्वती को रामकथा और उनकी महिमा सुनाने लगे और बताया कि श्रीराम कोई साधारण मनुष्य नहीं, बल्कि स्वयं विष्णु के अवतार हैं, जो धर्म की स्थापना और अधर्म के नाश के लिए पृथ्वी पर प्रकट हुए।

भगवान शिव ने राम के जन्म, उनके वनवास, सीता हरण और रावण वध की पूरी कथा बड़े प्रेम और भक्ति भाव से सुनाई। कथा सुनाते समय शिव स्वयं भी राम के गुणों में इतने तल्लीन हो गए कि उनकी आंखों से आंसू बहने लगे। उन्होंने यह भी बताया कि राम का नाम ही इतना शक्तिशाली है कि उसका स्मरण करने मात्र से सभी पाप नष्ट हो जाते हैं।

माता पार्वती ने इस कथा को अत्यंत श्रद्धा से सुना और वे भी श्रीराम की भक्ति में लीन हो गईं। महराज ने बताया कि इस प्रकार यह प्रसंग न केवल राम की महिमा का वर्णन करता है, बल्कि यह भी दशार्ता है कि स्वयं भगवान शिव भी राम के परम भक्त हैं। महराज द्वारा इस प्रसंग को सुन सभी श्रोतागण भक्ति भाव से विभोर हो उठे। इस मौके पर चित्रकूट के सभी संत महंत, आमजनमानस एवं सदगुरू परिवार के समस्त सदस्य मौजूद रहे।

# गाजा की बच्ची पर बनी फिल्म ऑस्कर तक पहुंची, भारत ने लगाया बैन, क्या इजरायल है वजह?

**गाजा**

**ईरान** युद्ध का असर भारत की सॉफ्ट पावर पर भी दिखने लगा है। वैरायटी की एक रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्कर के लिए नामांकित फिल्म 'द वॉइस ऑफ हिंद रजब', जो इस सप्ताह रिलीज होने वाली थी, को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) ने रोक दिया है। सीबीएफसी का मानना ??है कि मध्य पूर्व में चल रही उथल-पुथल के बीच फिल्म से भारत और इजरायल के सौहार्दपूर्ण संबंधों पर असर पड़ सकता है। आप सोच रहे होंगे कि इस फिल्म का इजरायल-ईरान युद्ध से क्या संबंध है? इसका जवाब फिल्म की संवेदनशील विषयवस्तु में छिपा है। ट्यूनीशियाई फिल्म निमार्ता कौथर बेन हानिया द्वारा निर्देशित, यह डॉक्यूड्रामा (डॉक्यूमेंट्री और ड्रामा का मिश्रण) 5 वर्षीय फिलिस्तीनी बच्ची हिंद रजब की मार्मिक कहानी बयां करता है, जो 2024 में गाजा में इजरायल के हमले के दौरान 335 गोलियों से छलनी एक कार में मृत पाई गई थी। यह फिल्म रजब और उसके 15 वर्षीय चचेरे भाई को बचाने के लिए फिलिस्तीनी रेड



क्रिसेंट सोसाइटी के प्रयासों का वर्णन करती है, जो गोलीबारी के बीच फंस गए थे।

यह फिल्म मार्च के मध्य में, 2026 के ऑस्कर समारोह के साथ रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे रोक दिया गया है। फिल्म के वितरक मनोज नंदवाना ने वैरायटी को बताया कि उन्होंने 27 फरवरी को सीबीएफसी सदस्यों के लिए फिल्म की स्क्रीनिंग की थी, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो दिवसीय इजरायल दौरे से लौटने के एक दिन बाद का दिन था। हालांकि, बाद में उन्हें बताया गया कि अगर फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज होने की अनुमति दी गई, तो इससे "भारत-इजराइल संबंध टूट जाएंगे। यह कोई रहस्य नहीं है कि भारत और इजराइल ने पिछले एक दशक में विभिन्न क्षेत्रों, विशेष रूप से रक्षा और प्रौद्योगिकी में, मजबूत संबंध स्थापित किए हैं। भारत ने गाजा संघर्ष पर संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों में इजराइल की सीधे तौर पर निंदा करने से परहेज किया है। ईरान युद्ध के दौरान भी, भारत ने संतुलित दृष्टिकोण बनाए रखा और किसी का पक्ष नहीं लिया। साथ ही, नई दिल्ली ने ईरान पर इजराइल के हमलों की भी निंदा नहीं की है।

इसी संतुलन के कारण भारत मध्य पूर्व में चल रही उथल-पुथल के बीच सभी पक्षों के साथ संपर्क बनाए रखने में सक्षम रहा है। फिल्म की रिलीज रोकने के इस कदम की आलोचना न केवल विपक्ष ने की है, बल्कि खुद पुरस्कार विजेता निर्देशक ने भी की है। बेन हानिया ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा कि मैं भारत से प्यार करते हुए बड़ी हुई हूँ। बॉलीवुड मेरे बचपन का हिस्सा था। एक समय तो मैंने खुद को खास महसूस करने के लिए यह भी कल्पना की थी कि मेरी जड़ें भारत में हैं।

# मारिया जखारोवाने बताया 'नव-नाजी' शासन

**यूक्रेन**

**भारत** की राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने दिल्ली, कोलकाता और लखनऊ के हवाई अड्डों से कुल सात विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनमें छह नागरिक यूक्रेन के हैं और एक अमेरिका का है। इन सभी पर आरोप है कि वे म्यांमार के रास्ते भारत के उत्तर-पूर्वी हिस्से में अवैध रूप से दाखिल हुए थे। सुरक्षा एजेंसियों को शक है कि ये लोग 'पीपल्स डिफेंस फोर्स' नामक संगठन को ट्रेनिंग दे रहे थे, जिसे म्यांमार की सैन्य सरकार ने आतंकवादी घोषित कर रखा है।

रूस का तीखा हमला

इस घटना पर रूस ने यूक्रेन की सरकार पर कड़ा तंज कसा है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने यूक्रेन प्रशासन को 'नव-नाजी' बताते हुए कहा कि वे अपने नागरिकों की संदिग्ध गतिविधियों को छिपाना चाहते हैं। जखारोवा ने अपने बयान में कहा, 'नई दिल्ली में यूक्रेनी दूतावास की



प्रतिक्रिया से साफ है कि वे इस मामले को दबाना चाहते थे। यूक्रेनी विदेश मंत्रालय ने अपने नागरिकों द्वारा भारतीय कानूनों के उल्लंघन पर तो चुप्पी साध ली, लेकिन उल्टा भारतीय और रूसी समाचार एजेंसियों पर ही गलत खबरें फैलाने का आरोप लगा दिया।'

यूक्रेन का 'साजिश' वाला दावा

वहीं, यूक्रेन ने इन गिरफ्तारियों को एक सोची-समझी राजनीतिक साजिश करार दिया है। यूक्रेनी दूतावास ने इस बात पर चिंता जताई है कि यह पूरी कार्रवाई रूस द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर की गई है।

दूतावास की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि मीडिया रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि यह कार्रवाई रूसी पक्ष की सूचना पर हुई है। मौजूदा तथ्यों को देखते हुए हमें डर है कि यह मामला राजनीतिक रूप से प्रेरित और एक गहरी साजिश का हिस्सा हो सकता है।

# इजरायल' के उस डिमोना शहर पर ईरान का मिसाइल हमला, हर तरफ तबाही

## जहां बसते हैं 7500 भारतीय

**इजरायल**

**इजरायल** के नेगेव रेगिस्तान में बसा डिमोना शहर, जिसे 'छोटा भारत' भी कहा जाता है, शनिवार को भीषण मिसाइल हमलों का शिकार हुआ। इन हमलों में 33 लोग घायल हो गए हैं और शहर का एक बड़ा हिस्सा मलबे के ढेर में बदल गया है। घायलों में एक 10 साल का बच्चा और एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है।

ईरान ने स्पष्ट किया है कि यह हमला उसके नतान्ज परमाणु केंद्र पर हुए हमले का बदला है। इजरायली सेना ने स्वीकार किया है कि वे इन मिसाइलों को रोकने में नाकाम रहे, जिससे दक्षिण इजरायल के इस महत्वपूर्ण शहर में काफी तबाही हुई है।

भारतीय संस्कृति और परमाणु शक्ति का संगम है डिमोना

डिमोना शहर भारत और इजरायल के गहरे रिश्तों की एक जीती-जागती मिसाल है। यहां करीब 7,500 भारतीय-यहूदी रहते हैं, जो शहर की आबादी का 30 प्रतिशत हिस्सा हैं। यहां की गलियों में मराठी और हिंदी की गूंज सुनाई देती है और दुकानों पर जलेबी, सोनपापड़ी और चाट जैसे भारतीय पकवानों की महक फैली रहती है।




यहां रहने वाले लोग मुख्य रूप से महाराष्ट्र (बेने इजरायली), केरल (कोचिनी) और कोलकाता (बगदादी) से आए हैं। यह समुदाय न केवल दिवाली और ओणम जैसे त्योहार साथ मनाता है, बल्कि भारतीय फिल्मों और संगीत के प्रति भी यहाँ जबरदस्त दीवानगी देखी जाती है।

परमाणु केंद्र

सांस्कृतिक पहचान के अलावा डिमोना अपने 'शिमोन पेरेज नेगेव न्यूक्लियर सेंटर' के लिए भी जाना जाता है, जो शहर से महज 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इजरायल इसे एक शोध केंद्र बताता है, लेकिन कई अंतरराष्ट्रीय खुफिया रिपोर्टों का दावा है कि यहां परमाणु हथियारों के लिए प्लूटोनियम तैयार किया जाता है।

ईरान के संसद स्पीकर ने चेतावनी दी है कि डिमोना जैसे सुरक्षित इलाके में इजरायल की विफलता यह संकेत देती है कि युद्ध अब एक नए और खतरनाक दौर में प्रवेश कर चुका है। फिलहाल बचाव दल मलबे में फंसे लोगों की तलाश कर रहे हैं और पूरे इलाके में तनाव चरम पर है।

# अमेरिका-इजरायल को छोड़ दुनिया के लिए खोला रास्ता



**ईरान**

**ईरान** ने दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री रास्ते 'होर्मुज जलडमरूमध्य' को लेकर अपने रुख में थोड़ी नरमी दिखाई है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के प्रतिनिधि अली मौसवी ने कहा है कि यह जलमार्ग उन सभी जहाजों के लिए खुला रहेगा जिनका संबंध 'ईरान के दुश्मनों' (अमेरिका और इजरायल) से नहीं है।

यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस धमकी के कुछ ही घंटों बाद आया है, जिसमें उन्होंने 48 घंटे के भीतर रास्ता न खुलने पर ईरान के पावर प्लांट्स को तबाह करने की चेतावनी दी थी। ईरान ने स्पष्ट किया है कि अन्य देशों के जहाज तेहरान के साथ सुरक्षा तालमेल बिठाकर यहाँ से गुजर सकते हैं।

कूटनीति को प्राथमिकता, पर हमलों का भी दिया हवाला

ईरानी प्रतिनिधि ने अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन के साथ सहयोग करने की इच्छा जताई है ताकि खाड़ी क्षेत्र में नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। हालांकि, उन्होंने यह भी तर्क दिया कि इस तनाव की असली वजह इजरायल और अमेरिका द्वारा ईरान पर किए जा रहे हमले हैं।

मौसवी के अनुसार, ईरान अभी भी कूटनीति को प्राथमिकता दे रहा है, लेकिन शांति के लिए बाहरी आक्रामकता का रुकना और आपसी भरोसा कायम होना बेहद जरूरी है। बता दें कि 28 फरवरी से ईरान ने इस रास्ते को बंद कर रखा था, जिससे दुनिया भर में ऊर्जा संकट का खतरा पैदा हो गया है।

# अमेरिका की धमकी और अंधेरे में डूब गए देश के 1.1 करोड़ लोग, ब्लैकआउट से



**क्यूबा**

**इस** महीने, डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के दबाव में क्यूबा की सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। अब विदेशों में रहने वाले क्यूबाई नागरिकों को देश के भीतर सीधे व्यवसायों में निवेश करने की अनुमति दी गई है। लेकिन यह कदम शायद क्यूबा की गिरती अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए पर्याप्त नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में क्यूबा का पर्यटन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। जहां 2019 में 40 लाख से अधिक पर्यटक आए थे, वहीं हाल के वर्षों में यह संख्या घटकर लगभग 18-20 लाख तक रह गई है। स्थिति और भी गंभीर इसलिए हो गई है क्योंकि क्यूबा में लगातार बिजली संकट बना हुआ है। 16 मार्च को देश की पूरी बिजली व्यवस्था ठप हो गई, जिससे लगभग 1 करोड़ लोग अंधेरे में चले गए। इस संकट की मुख्य वजह ईंधन की भारी कमी है।

क्यूबा अपनी बिजली उत्पादन के लिए काफी हद तक तेल पर निर्भर है, लेकिन अमेरिका के दबाव के कारण वेनेजुएला से तेल की आपूर्ति बंद कर दी गई।


क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल ने कहा है कि देश को पिछले तीन महीनों से पर्याप्त तेल नहीं मिला है, जिससे बिजली, उद्योग और रोजमर्रा की ज़िंदगी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। इन हालातों का सीधा असर पर्यटन पर पड़ा है।

# ईरान की मिसाइल रेंज में आए यूरोप के बड़े शहर; इजरायल ने 4000 KM मारक क्षमता का किया खुलासा

**इजरायल**

**इजरायल** रक्षा बलों ने शनिवार को एक बेहद चौंकाने वाला खुलासा करते हुए कहा है कि ईरान के पास अब ऐसी मिसाइलें हैं जो 4,000 किलोमीटर की दूरी तक मार कर सकती हैं। क्क्रक्र के मुताबिक, जून 2025 में 'ऑपरेशन राइजिंग लायन' के दौरान यह पाया गया कि ईरानी मिसाइलों के रडार में अब लंदन, पेरिस और बर्लिन जैसे बड़े यूरोपीय शहर भी आ गए हैं।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर



पोस्ट करते हुए इजरायल ने कहा कि ईरानी शासन ने पहली बार इतनी लंबी दूरी की मिसाइल दागी है, जो न केवल एशिया और अफ्रीका बल्कि पूरे यूरोप के दर्जनों देशों के लिए एक गंभीर वैश्विक खतरा बन गई है।

ईरान का पलटवार

दूसरी ओर, ईरान ने इजरायल के इन दावों का खंडन किया है, लेकिन साथ ही कड़ी चेतावनी भी दी है।

हैदराबाद स्थित ईरानी वाणिज्य दूतावास ने एक्स पर जारी एक बयान में कहा कि अगर इजरायल अपने सबसे सुरक्षित माने जाने वाले 'डिमोना' क्षेत्र में मिसाइलों को रोकने में नाकाम रहता है, तो यह माना जाएगा।

# अमेरिका हमला करेगा तो पाकिस्तान मुंबई-दिल्ली पर दागेगा मिसाइल

पाकिस्तान

भारत में पाकिस्तान के पूर्व हाई कमिश्नर अब्दुल बासित के एक बयान ने बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है। एक चर्चा के दौरान उन्होंने बेहद चौंकाने वाला सुझाव दिया कि यदि पाकिस्तान पर कोई बाहरी हमला होता है, तो उसे भारत के मुंबई और नई दिल्ली जैसे शहरों को निशाना बनाना चाहिए।

बासित ने एक काल्पनिक स्थिति का जिक्र करते हुए कहा, 'अगर अमेरिका पाकिस्तान पर हमला करता है, तो हमें बिना एक पल गंवाए भारत पर हमला करना होगा। हम इसे छोड़ेंगे नहीं; उसके बाद जो भी अंजाम होगा, देखा जाएगा।' हालांकि उन्होंने इस स्थिति को नामुमकिन बताया, लेकिन भारत के प्रमुख शहरों का सीधा नाम लेने की वजह से उनके बयान की कड़ी आलोचना हो रही है।

पूर्व राजनयिक के बयान से बढ़ा तनाव

अब्दुल बासित 2014 से 2017 तक नई दिल्ली में पाकिस्तान के शीर्ष राजनयिक रह चुके हैं। उनके इस पुराने पद की वजह से उनके बयान को काफी गंभीरता से लिया जा रहा है। उन्होंने अपनी दलील में कहा कि अगर कोई पाकिस्तान की तरफ बुरी नजर से देखता है, तो उनके पास भारत पर हमला करने के अलावा कोई चारा नहीं बचेगा।

उनका यह बयान ऐसे समय में आया है जब दक्षिण एशिया में पहले से ही काफी तनाव है। हालांकि बासित ने यह भी जोड़ा कि न तो पाकिस्तान ऐसा चाहता है और न ही भारत, लेकिन उनकी इस तरह की बयानबाजी ने क्षेत्रीय सुरक्षा और पूर्व



अधिकारियों की भाषा की मयार्दा पर एक नई बहस छेड़ दी है।

पाकिस्तान-अफगानिस्तान टकराव

बासित की ये टिप्पणियां उस वक्त आई हैं जब पाकिस्तान के संबंध अपने पड़ोसियों, खासकर अफगानिस्तान के साथ बेहद खराब चल रहे हैं। अफगानिस्तान के अधिकारियों ने पाकिस्तानी सेना पर काबुल, कंधार और पक्तिका जैसे इलाकों में हवाई हमले करने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद का दावा है कि इन हमलों में आम नागरिकों और पुनर्वास केंद्रों को निशाना बनाया गया है, जिससे भारी जान-माल का नुकसान हुआ है।

हालांकि भारत सरकार की ओर से बासित के बयान पर अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन सोशल मीडिया और राजनीतिक हलकों में इसे लेकर तीखी चर्चा जारी है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# होर्मुज जलडमरूमध्य बना जंग का नया मैदान, डोनाल्ड ट्रंप के अल्टीमेटम पर ईरान का पलटवार

**अमेरिका**

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को बेहद सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने साफ कहा है कि अगर तेहरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को समुद्री यातायात के लिए तुरंत नहीं खोला, तो अमेरिका ईरान के पावर प्लांट्स को 'पूरी तरह तबाह' कर देगा। बता दें कि दुनिया की तेल सप्लाई का लगभग पांचवां हिस्सा इसी रास्ते से होकर गुजरता है।

ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर पोस्ट करते हुए ईरान को 48 घंटे की डेडलाइन दी है। भारतीय समयानुसार यह समय मंगलवार सुबह खत्म होगा। ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर ईरान ने बिना किसी शर्त के इस रास्ते को नहीं खोला, तो अमेरिका उनके सबसे बड़े पावर प्लांट से हमलों की शुरूआत करेगा।

ईरान की जवाबी कार्रवाई की धमकी

ट्रंप के इस अल्टीमेटम के बाद ईरान ने भी कड़े तेवर दिखाए हैं। ईरानी सेना की ऑपरेशनल कमांड 'खातम अल-अंबिया' ने कहा कि अगर अमेरिका ने उनके ऊर्जा ठिकानों को नुकसान पहुंचाया, तो वे इस क्षेत्र में मौजूद अमेरिका और उसके सहयोगियों के सभी एनर्जी, टेक्नोलॉजी और पानी साफ करने वाले प्लांट को निशाना बनाएंगे।

गौरतलब है कि 28 फरवरी को अमेरिका



और इजरायल के संयुक्त हमलों के बाद से ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को ज्यादातर जहाजों के लिए बंद कर दिया है। इस रास्ते के बंद होने से दुनिया भर में कच्चे तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं और कई देशों पर महंगाई का बड़ा खतरा मंडरा रहा है। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों ने ईरान के इस कदम की कड़ी निंदा की है।

इसे भी पढ़ें: ऋ35 के बाद अब इजरायल के फाइटर जेट को भी किया ढेर, ईरान का चौंकाने वाला दावा

परमाणु ठिकानों पर हमले से बढ़ा तनाव

इस बीच युद्ध की स्थिति और भी गंभीर हो गई है। शनिवार को ईरान के नतान्ज परमाणु केंद्र पर हवाई हमला हुआ, जो युद्ध शुरू होने के बाद दूसरी बार है। हालांकि, ईरान की न्यूज एजेंसी मिजान के अनुसार, वहां से किसी रेडिएशन लीक की खबर नहीं है। इसके जवाब में ईरान ने इजरायल के डिमोना और अराद शहरों पर मिसाइलें दागीं।

डिमोना में, जहां इजरायल का परमाणु केंद्र है, एक इमारत पर सीधा मिसाइल हमला हुआ, जिसमें 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर यह समुद्री रास्ता खुल भी जाता है, तो भी वहां सुरक्षा के लिहाज से पुरानी स्थिति बहाल होने में कई महीने लग सकते हैं क्योंकि समुद्र में अभी भी कई बारूदी सुरंगें और न फटने वाले बम हो सकते हैं।